मिलती हैं । जो सैशन जब साहेबान है, उन को हर तरह की एमेनिटी, हर तरह की फैसिलिटी मिलनी चाहिएं ताकि वे ज्यादा ईमानदारी से काम कर सकें । भाई साहब ने जो रैजोल्यूशन पेश किया है, मैं हाउस से प्रार्थना करूंगा कि इसको यूनानिमसली पास किया जाए । इस मेंदो राय नही और हर आदमी समझता है कि जब तक जुडीशियरी को इडिपैडेंस नहीं होगी, पूरी सहूलियत नही होंगी, ईमानदारी से काम नहीं चल सकता. और न ही वे ईमानदारी से काम कर सकते हैए । जब जुडीशियरी की डिक्टेटरशिप हिन्दुस्तान में लागू करदी गई थी उस वक्त मैजिस्ट्रेट साहेबान ने बड़ी दलेरी से जमानतें ले ली और काफी हद तक लोगों को इन्साफ दिया । हाई कोर्ट ने भी दिलेरी दिखा दी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस दलेरी पर डिक्टेटरशिप की मोहर लगा दी थी और यहां तक कह दिया था कि रीजन्ज बताने की जरूरत नहीं है । डिप्टी कमिश्नर जो जिले का मालिक है, उसने तो जिले में जुल्म किया लेकिन जुडीशियल मैजिस्ट्रेट से लेकर हाई कोर्ट के जजिज ने जनता को इन्साफ दिया । बार–बार इंदिरा गांधी ने मीसा को लागू किया और रूस से सलाह लेकर एक साल के लिए एक्सटैड कर दिया और अकेला सुप्रीम कोर्ट को मालिक बना दिया और कह दिया कि सुप्रीमकोर्ट आखिरी मोहर होगी । मीसा के अन्दर जो तकलीफ सही, उसको ब्यान नहीं किया जा सकता लेकिन एच 0 सी 0 एस 0 मैजिस्ट्रेट साहेबान ने हमारी मदद की है और हम उनके शुक्रगुजार हैं । उन्होंने दुनियांकी बडी सेवा की है और करते हैं इसलिये उनको ज्यादा तन्खाह दी जाए ।

इसके इलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं । मेरे भाई श्री गंगा राम ने, मिनी जनता पार्टी जो बनी है, उसमें मेरे से पूछे बगैर मेरा नाम दे दिया है । डैमोक्रेसी में अपोजीशन जरूरी है । सारी पार्टियां इसमें इकट्ठी हो जाएं और मजबूत अपोजीशन बने और हमारी जनता सरकार इसकी स्पोर्ट करे और लीडर बनाएं । लीडर तो कोई भी बन सकता है, मैं इस बात को वैलकम करता हूं । (व्यवधान) मैं अपने भाई से कहना चाहता हूं, अखबार वाले भी सुन लें, जो खबर वे अखबार में छापें, उसको पहले कन्फर्म कर लिया करें । मैं विशाल हरियाणा पार्टी से ताल्लुक रखता हूं, राव साहब के साथ हू और वे हाउस में मेरे लीडर है ।

चौधरी खुरशीद अहमद (ताउडू) : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे साथी श्री बलदेव तायल ने जो रैजोल्यूशन सदन में पेश किया है, मैं इसकी ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं । इसमें बेसिक बात यह है कि जमहूरियत में जुडिशियरी थोड़ी बहुत कमजोर रही है । इस कमजोरी की वजह से जुडिशियरी का सर्विसिज पर या दूसरी चीजों पर क्या हशर होगा, यह अलग बात है लेकिन यह जरूर है कि जुडिशियरी की कमजोरी की वजह से खुद डैमोक्रेसी खतरे में पड़ जाती है । इसलिए यह जरूरी है कि जमूहरियत निजाम के अन्दर जो भी अदालत की कार्यवाई करने वाले आफिसर है, उनको एग्जैक्टिव–विंग के बराबर ही नहीं बल्कि उन से ज्यादा फैसिलिटीज दी जाएं । यह जमहूरियत के लिए अच्छा है । मैं इस बात को समझता हूं कि जुडिशियरी के साथ

जो डिस्क्रिमिनेटरी ट्रटिमैंट होता रहा है या इस वक्त है, उसको फौरी तौर पर जितनी जल्दी हो सके, दूर किया जाएगा और यह मुल्क के मुफाद के लिए ठीक होगा । अगर डिस्क्रिमिनेशन जारी रहा तो जमहूरियत के अन्दर जुडिशियरी में फस्टेशन आ जाएगी । अगर हकूमत की तरफ से जनता के साथ ज्यादती हो तो सिटीजन के पास कोई रास्ता नहीं रहता, वह कहां जा सकता है । जब एक आदमी जुडिशियरी में इन्साफ लेने के लिए पहुंचता है जुडिशियरी दूसरे विंग से दबने लगे तो इंडिविजुअल की लिबार्टी खतरे में पड़ जाती है । जुडिशियल अफसरों में जब फरस्ट्रेशन हो जाए तो वह सही इन्साफ लोगोंको नहीं दे सकते । मेरे दोस्त पोहलू साहब ने ठीक ही कहा है कि यह फरडेशन उनको गलत रास्ते पर डालती है और अलग–थलग से ब्रांच बनी रहती है । वे किसी के साथ मिक्स– अप नहीं कर सकते । किसी से अगर बात कहते हैंतो कहा जाता है कि शायद इन. लोगों में कोई कमी है और तरह तरह के चार्जिज उनके खिलाफ लग जाते हैं । जब उनको एक गलास–हाउस में रखा जाए तो उन्हें फैसिलिटीज ज्यादा देनी चाहिए ताकि वे कुदरती तौर पर किसी टैम्पटेशन में न पड़ जाएं, कोई गलत हरकत न कर जाएं । यह बात बिल्कुल बेजा है, दुरुस्त है । जो रैजोल्युशन हाउस के सामने आया है, यह बिल्कुल सही है और इनकी तमाम फैसिलिटीज को एट पार किया जाए ।

चौधरी शेर सिंह (मुलाना–अनु सूचित जाति) : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री बलदेव तायल ने जो रेजोल्यूशन हाउस के

सामने रखा है, मैं इसकी ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हू । दरअसल कुछ लोगों को बिना पाप किए सजा मिल जाती है (व्यवधान) मैं भारत के संविधान के बारे में डायरैक्टिव प्रिंसिपल आफ स्टेट्स पालिसी पर कहूंगा । पहले प्रथा यह थी कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के अधिकार एक ही आदमी के पास हुआ करते थे । इसके बाद जुडिशियरी को अलग कर दिया गया । हरियाणा में तरीका यह है कि एच0 सी0एस0 एग्जैक्टिव में कोई भी आदमी थर्ड डिवीजन बी0ए0 पास अपीयर हो सकता है और एच0 सी0एस0 एग्जैक्टिव बन सकता है, लेकिन जहां तक जुडिशियरी का ताल्लुक है, एच 0सी0एस0 जुडिशियरी ने अपीयर होने के लिए कम से कम ला–ग्रेजुएट होना चाहिए और ला में भी सैकंड क्लास वाले होते है, थर्ड क्लास वाले नहीं होते । इसके अलावा ऐसे भी आदमी अपीयर होते हैं जिन्होंने एल0एल0बी0 पास करने के बाद छ–छ. साल प्रैक्टिस की हुई होती है और जुडिशियरी के लिए आते हैं । जहां तक पेका सम्बन्ध है, आई 0 ए0एस0 और आई0 पी0एस0 की पे 700 रुपये से शुरू होती है और दोनों की बराबर है । स्टेट में एग्जैक्टिव का सबसे बड़ा अधिकारी चीफ सैक्रेटरी है और हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस होता है । चीफ जस्टिस को 4500 रुपये मिलते हैं और आई 0ए0एस0 का हाईएस्ट स्केल 3500 पर खत्म होता है । इसलिए यह कोई वजह नहीं है कि जुडिशियल सर्विसिज के स्केल ठीक न हों । बैक में एक अकांउटैन्ट को ज्यादा तनख्वाह दी जाती है और इसका कारण बताया जाता है कि वह स्पैशलाइज्ड है । अगर यही बात है

तो जुडिशियरी के जो लोग हैं वे अपनी लाईन में स्पैशलाइज्ड हैं । एच0सी0एस0 ऐग्जैक्टिव के लिए यी जरूरी नही कि कोई विशेष पेपर ही लिए जाएं । व्यक्ति चाहे संस्कृत का पेपर ले ले, चाहे भूगोल का ले ले, चाहे इतिहास का ले ले या किसी और भाषा का ले ले लेकिन एच0सी0एस0 जुडिशियल के लिए उसे ला के पेपर ही लेने पड़ेंगे । इस दृष्टि से तो ये उनसे भी ज्यादा स्पैशलाइज्ड कैटेगरी है । डाक्टर्ज और इंजीनियर्ज को भी 400 रुपये का स्टार्ट मिलता है । पिछले दिनों कालेज टीचर्ज को सात सौ रुपये के लगभग स्टार्ट दिया गया था और उसमें दलील यह दी गई थी कि उम्मीद की जाती है कि वे बच्चों को ज्यादा ध्यान से पढाएंगे और इधर–उधर ट्यूशन के लिए नहीं जाएंगे । दूसरी तरफ जुडीशियल सर्विसिज को स्केल तो देते है साढ़े तीन सौ रुपये का और उम्मीद करते हैं कि वे इन्साफ करें । जो लोग एचमी 0एस0 में जाते हैं वं न सिर्फ बी0ए0 पास बनते हैं बल्कि अगर मैं गलत न हूं तो हर साल कुछ आदमी एच0आई0 एस0 में नामिनेट भी किये जाते हैं । होता यह है कि स्टेट सैक्रेट्रैरियेट में जो अस्सिटैट्स वगैरा होते हैं वे भी एच0 सी0एस0 में आ जाते हूं । इसके अलावा आप देखें कि एस0डी0ओ 0 के पास अपनी कार होती है, बी0डी0ओ 0 के पास भी जीप होती है मगर बेचारे जूडीशियल मैजिस्ट्रेट को साईकिल भी उपलब्ध नहीं होती । मैंने तो देखा है कि जगाधरी में एक मैजिस्ट्रैट मकान की तलाश में ही लगा रहता है । उपाध्यक्ष महोदय, आप मेरी बात मानेंगे कि जिस आदमी को साढ़े तीन सौ रुपया मिलता है वह जब मकान लेने जाएगा तो

जरूर सोचेगा कि उसे दस बीस रुपये सस्ता मकान मिले । हो सकता हे कि उसकी वजह से किसी बात के लिए किसी की लिहाज भी हो । इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए, उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो यह कहुंगा कि जुडिशियल मैजिस्ट्रेटस की तनख्वाह ऐग्जैक्टिव मैजिस्ट्रेटस के बराबर नहीं बल्कि अधिक होनी चाहिए ।

राव राम नारायण (साल्हाबास) : डिप्टी स्पीकर साहब, हमारी जुडिशियरी की इंडिपैन्डैन्स की कहानियां ब्रिटिश डेज से ही मशहूर हैं । ब्रिटिश डेज में जब कांग्रेस ऐजिटेशन हुआ करती थी तब भी कई जुडीशियल आफिसर्ज बड़ी इंडिपैन्डेन्स दिखाते रहे और पिछले दिनों भी जब काले दिन आए तो आपको याद होगा कि हमारे हाई कोर्ट्स ने काफी जगह अच्छे वर्डिक्ट दिए लेकिन मामला डूबा तो जाकर सुप्रीम कोर्ट में । अब जनता पार्टी का राज है और जनता पार्टी तथा इसकी गवर्नमैंट वचनबद्ध है कि पिछली गवर्नमैंट की ताना– शाही के वक्त में जो विक्टेमाइजेशन हुआ था उस विक्टेमाइजेशन को वकेट किया जाएगा । यह भी इसी किस्म का एक मामला है । इसकी बैकग्राउन्ड यह है कि कई जुडीशियल आफिर्ज इंडिपैन्डैन्ट होते थे जो इंडिपैन्डैन्ट फैसला दे देते थे । उनको विक्टेमाइज करने के लिए बंसीलाल तानाशाह ने बहुत कुछ जुल्म करना चाहा जिसमें (एन0एस0राव का केस बड़ा मशहूर है । उस केस को लड़ने के लिए हमें सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाने पड़े और लगभग 50 हजार रुपये हमारे खर्च हुए । उस केस के अन्दर गवर्नमैंट को जो डिफीट हुई थी वैसी किसी केस

में नहीं हुई होगी । उस केस के अन्दर पहली दफा सुप्रीम कोर्ट का यह रूलिंग हुआ था कि जुडीशियल आफिसर्ज की अप्वांयटमैंट और कन्फर्मेशन हाई कोर्ट के हाथों में होगी वरना पहले ऐग्जैक्टिव वाले जुडीशियल आफिसर्ज के पर काबू रखते थे और उनकी इंडिपैन्डैन्स कायम नही रहने देते थे । इससे गुस्सा खा कर बंसी लाल ने ऐसे डिसक्रिमिनेटरी ढंग से पे स्केल को रिवाइज किया कि जुडीशियल आफिसर्ज को ऐग्जैक्टिव आफिसर्ज से इनफिरियर रखने की कोशिश की । इसलिए मैं पुरजोर सिफारिश करता? हूं और हाउस से प्रार्थना करता हूं कि यह डिसकिमिनेशन जितनी जल्दी दूर की जाए उतनी ही बात बेहतर होनी । इसके साथ ही मैं समझता हूं कि यह आउट आफ प्लेस नही होगा अगर मैं कहू कि ऐमरजैसी के दिनों में आई तानाशाह गवर्नमैंट ने बदले की भावना से जितने भी विक्टेमाइजेशज किए हैं वे सारे बकेट होने चाहिएं । अभी भी जो विक्टेमाइजेशन करने वाले आफिसरर्न थे, जो विक्टेमाइजेशन की नोटिंग करते थे, वे उसी जगह मौजूद हैं और जितने रिप्रैजैन्टेशज विक्टेमाइजेशन के – अगेन्सट किए गए हैं वे अभी भी पैंडिंग पड़े हैं और अल्मारियों में सड़ रहे हैं । लोग इधर– उधर चक्कर काटते फिरते रहते हैं यह जानने के लिए कि उनके रिप्रैजैन्टेशन का क्या हुआ । मैं तो यह सजैस्ट करूंगा कि एक कमेटी बनाई जाए जिसमें एक दो एम 0एल 0ए 0 या नौन– आफिशियल्ज भी शामिल हो जो कंटिनुअसली बैठ कर ऐसे रिप्रैजैन्टेशज को निपटाने का काम करें ।

श्री शमशेर सिंह (नरवाना): उपाध्य महोदय, मैं श्री बलदेव तायल जी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । इस प्रस्ताव के बारे में कोई दो राय नहीं हैं । हाउस के किसी मैम्बर को भी इसमें एतराज नही है और उम्मीद है कि सरकार की भी राय, हाउस की राय जैसी होगी और वे इस मांग को स्वीकार करेंगे । लेकिन एक बात मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव में कुछ जरुरी बातें, मेरे ख्याल के मुताबिक, रह गई हैं । मैं इसके लिए रै गुलर अमैंडमैंट तो नहीं दे सका हूं लेकिन अब भी जिन्होंने यह प्रस्ताव मूव किया है वे अगर चाहे तो इनको ऐक्सैप्ट कर सकते हैं । एक बात तो यह है कि जो जुडीशियल सर्विसिज है इनकी प्र मोशन का कोटा पहले तीन चौथाई होता था लेकिन बाद में इसे रिड्यूस करके दो तिहाई कर दिया गया । इसके बारे में काफी हार्ट बर्निंग और रिजैन्टमैंट सर्विसिज में हैं । अगर इसे रैस्टोर कर दिया जाए तो यह बहुत अच्छी बात होगी । दूसरी बात यह है कि एग्जैक्टिव ब्रान्च का जब–पे स्केल रिवाइज किया गया तो उसका सिलैक्शन ग्रेड कोटा भी पन्द्रह परसैन्ट से बढ़ा कर बीस परसैन्ट कर दिया गया जबकि जुडीशियल सर्विसिज का सिलैक्शन ग्रेड कोटा अभी तक पन्द्रह परसैन्ट है । अगर इसको एट पार कर दिया जाए तो मैं समझता हूं कि यह भी उचित बात होगी । तीसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि इनकी केडर स्ट्रैन्थ को भी रेज करके कम से कम 150 तक ले जाया जाए । आज कचहरियों में इतने ज्यादा मुकदमें पैंडिंग हैं कि चार–पांच साल से पहले किसी दीवानी मुकदमे का फैसला नही

होता और दो तीन साल तक फौजदारी मुकदमे के लिए लोगों को आना–जाना पड़ता है । उपाध्यक्ष महोदय, आपको जाति तौर पर, हाउस के बहुत से सदस्यों को और मंत्रीगणों को भी मालूम है कि इतनी ज्यादा पेशियां हुक–एक मुकदमें में लगती हैं कि इन्साफ नाम की कोई चीज लोगों को नही मिलती । इसका मुख्य कारण एक ही है । आपको मालूम है कि हाई कोर्ट रूल्ज एंड आर्डर्ज के मुताबिक एक जुडीशियल मैजिस्ट्रेट और सब–जज के पास लगभग चार सौ फाइलें होनी चाहिएं जबकि आज एक–एक मैजिस्ट्रैट के पास पन्द्रह–पन्द्रह सौ, दो–दो हजार और अढाई–अढाई हजार फाईलें फैसले के लिए पैन्डिग है । इतना ज्यादा ऐक्यूमुलेशन आफ वर्क जाए है, इसका इलाज यदि सरकार चाहती है, सरकार यदि यह चाहती है कि लोगों को जल्दी इन्साफ मिले, मुकदमों का निपटारा जल्दी हो, तो इसका तरीका यह है कि उनके पास फाइलों का नम्बर कम किया जाए । नौर्मली चार सौ, पांच सौ और छः सौ से ज्यादा केसिज एक कोर्ट में नहीं होने चाहिएं। इसका इलाज, जैसा मैंने पहले कहा यह है कि इनकी केडर स्ट्रैन्थ रेज करके कम से कम 1 50 कर दी जाए जो कि आज बहुत कम है । तो मैं मुख्य तौर पर यही बात कहने के लिए खड़ा हुआ था । हाउस का ज्यादा टाईम लेने से मेरा मतलब नही है लेकिन बैठने से पूर्व एक बात जरूर मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि यह सरकार जुडीशियरी की इंडिपैन्डैन्स और जुडीशियरी की हमदर्द होने के मगरमच्छ के आंसू बहाती है । (विघ्न)उपाध्यक्ष महोदय, विधान सभा के पिछले सैशन में एक दर्जन से ज्यादा

सदस्यों ने इसी विषय के बारे में मांग की थी कि जुडिशियल सर्विसिज के ग्रेड रिवाइज किए जाएं, उनकी सर्विस कंडीशज ठीक की जाएं और मन्त्री महोदय ने जवाब देते हुए वायदा ' किया था कि इस पर विचार किया जाएगा लेकिन 8 महीने गुजरने के बाद भी सरकार ने अभी तक फैसला नही लिया है । उपाध्यक्ष महोदय, मैं इतनी बात कह कर ही अपना स्थान ग्रहण करूंगा और मुझे उम्मीद है कि इस रैजोल्यूशन को न सिर्फ हाउस अडौप्ट करेगा बल्कि सरकार भी इसको मंजूर करेगी ।

श्री मूल चन्द जैन (समालखा) : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री बलदेव तायल जी ने जो प्रस्ताव हाउस के सामने रखा है, मैं दिल से इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । श्री तायल को मैं बधाई भी देना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव को ला कर न केवल उन्होंने जुडीशियल अफसरों के मन में जो तड़प थी, जो हीन भावना थी, उसको खत्म करने का प्रयत्न किया है बल्कि कांग्रेस सरकार के काले यग में जो चीज शरु की गई थी उसको भी समाप्त करने की बात की है । **चौधरी** शमशेर सिंह जी ने खड़े हो कर जुडीशियल अफसरों की बातें कीं लेकिन उन्हें अपने लीडर पर भी अफसोस होना चाहिए और उनको भी अफसोस जाहिर करना चाहिए था कि यह डिस्क्रीमेनेशन वाले नियम कांग्रेस सरकार के राज में लागू हुए । उनके।' यहां हाउस में कहना चाहिए था कि मैं इसके लिए शर्मिन्दा हूं । अगर वे इस बात को यहां हाउस में कहते तो उनको मैं हार्दिक तौर पर बधाई देता, और उनकी

तारीफ करता । मुझे विश्वास है कि यह हाउस इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास करेगा । मैं **चौधरी** शमशेर सिंह जी की हस बात की ताईद करता हू कि हमारी सरकार ने इस पर अब तक क्यों नही अमल किया । यह एक ऐसी चीज थी जिसने जुडीशियल अफसरों के दिल में बहुत ही हीन भावना पैदा की थी । उनके दिल में बड़ी नाराजगी थी । डिप्टी स्पीकर साहब, हिन्दुस्तान के किसी भी सूबे में ऐसा इमतयाजी सलुक जुडीशियरी के साथ नहीं किया जैसा कि हरियाणा में कांग्रेसकी कालयुग की सरकार ने किया । यह पहले पुराना रिवाज था जब संसार में डैमोक्रेसी नही थी । उस युग में कहा जाता था किं बादशाह के हाथ में एग्जैक्टिव की पावर्ज थी, वह गलती नही करसकता लेकिन दुनियां के विचारकों ने, थिकरों ने यकेबाद दीगरे सोचना शुरू किया कि इस बात को किस तरह से कन्ट्रोल किया जाये? आखिर में गुणी लोग इस नतीजे पर पहुंचे. कि जो सत्ता है, प्रभुसत्ता है, सौवरेनटी है अगर वह एक आदमी के हाथ में रहेगी, तो चाहे वह राजा हो, चाहे डिक्टेटर हो, चाहे चुने हुए तरीके से प्राइम मिनिस्टर हो, चाहे अमेरिका का प्रेजीडेन्ट हो, चाहे किसी भी प्रणाली का आदमी हो, वह न्याय नहीं कर सकेगा । इसलिए उन विचारकों ने, गुणी लोगों ने प्रभुसत्ता को तीन हिस्सों में बांटा है । एक एग्जैक्टिव है जैसे हरियाणा की वजारत है । दूसरी लैजिसलेचर है जैसे हम बैठे हैं । अगर वजारत कोई गलत काम करे, चीफ मिनिस्टर कोई गलत काम करे और हाउस उस काम को ठीक नहीं समझता है तो उसको हाउस की बात माननी पड़ेगी । तीसरी पावर जुडीशियरी

की है । हाउस भी गलती कर सकता है । जुडीशियरी उसके।– ठीक करेगी, उसको विधान में अख्तियारात हैं । विधान के खिलाफ कानून पास कर दे तो जुडीशियरी को पावर है कि उस कानून को री कर दे । प्रजातंत्र में चाहे कोई प्रान्त की असैम्बली हो, चाहे पार्लियामेंट हो, वह संविधान के खिलाफ, कांस्टीच्युशन के खिलाफ कोई कानुन पास कर दे, तो जुडीशियरो उसको नाजायज करार दे सकती है । यह बात उसी जगह हो सकती है जहा पर नेक–नीयती से प्रभुसत्ता, सौवरेनटी को बांटा हो । एक चौथी पावर प्रैसकी है । उसको भी डैमोक्रेसी में पावर है । मैं तो इन प्रस्ताव के अन्तर्गत इसबातपर जोर देना चाहता हू कि जुडीशियरी जो है वह हर डेमोक्रैटिक कन्ट्री में बहुत जरूरी अंग है । अगर एग्जैक्टिव अपनी पावर से तानाशाह बनना चाहे तो उसको चोट लगती है । लोकतंत्र में यह घातक सिद्ध होती है । मुझे अफसोम भी है और शम' भी आती है कि हमारे देश में भी इस किस्म का 19 महीने का जमाना आया और उसी जमाने का नतीजा था जब हरियाणा की जुडीशियरी को भभि रखा गया । अभी यहा हाउस में हमारे एक नौजवान साथी ने बताया, जिसके साथ मैं सहमत हू । उनकी क्वालीफिकेशन का मुकाबला एग्जैक्टिव वाले नही कर सकते । जुडीशियरी का अफसर एल0ल0बी 0 किये बगैर जुडीशियल ब्रांच में नहीं आ सकता, लेकिन एग्जैक्टिव ब्रांच में, जैसा कि श्री खुरशीद जी ने बताया है कि ऐसे केसिज भी नोटिस ये हैं जहां पर सिर्फ मैट्रिक पास या असिस्टेन्ट जो किसी मिनिस्टर के साथ पी 0ए 0 लगा हुआ है, उसको वह बहुत प्यारा लगता है, उसने

मिनिस्टर की सेवा की है वह भी एच 0सी 0एस 0 बन जाता है । मैं इस बात की तसदीक नही कर सकता लेकिन मेहतानी जी कीएक मिसाल है । उसको एच0 सी 0एस0 बना दिया गया था । एच 0सी 0एस0 से आई0ए 0ए स0 हो जाते हैं, उनके दरवाजे खुल जाते है, फिर वह चीफ सैक्रेटरी तक बन सकता है । जुडीशियरी ने एल 0एल0बी 0 के बगैर नही बन सकता । ऐसे अफसरों के साथ इमतयाजी सलूक क्यों किया गया? जहां तक इमतयाजी सलूक को हटाने का सवाल है यह बहुत पहले खत्म हो जाना चाहिए था । इसको हटाने में भी काफी देरी हो गई । इसमें सी क्यों हुई? यह तो एक मिनट का काम था । ज्यों ही आपके नोटिस में यह बात आयी थी जब भी वे चीफ मिनिस्टर साहब से मिले थे उसी वक्त ही उनका यह काम कर देना चाहिए था । यह बात सरकार की नैगलिजैसी का सबूत है । जो बात एक दिन में हो सकती है उसको दस–दस महीने क्यों लगते हें?

मैं चौधरी शमशेर सिंह की बात का भी समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं । श्री बलदेव तायल जी भी इस बात को लिखित रूप में नही दे सके और हें भी नही दे सका । उन्होंने भी संशोधन के तौर पर सुझाव दिया है कि एच0सी 0एस0 आफिसर्ज का सिलैक्शन ग्रेड का कोटा 15 से 20 परसैन्ट कर दिया है और जुडीशियरी का यों का यों है । इस बारे में बताना इसलिए जरूरी है कि आज मान लो जुडीशियरी में कोई आफिसर भर्ती हुआ और उसी समय कोई एग्जैक्टिव अफसर के रूप में भर्ती हुआ । आठ

या दस बरस के बाद सिलैक्शन ग्रेड मिलना है तो जिसका कोटा बढ़ा है उसको सिलैक्शन ग्रेड पहले मिल जायेगा, उसकी तन्ख्वाह भी बढ़ जायेगी औरदूसरी सहूलियतें भी उसको मिलेंगी और जो जुडीशियरी का अफसर है वह वही का वहीं रहेगा । और उन में हार्ट बरनिंग होगी बकरी दूध भी दे और मिंगने डाल करके दे तो इससे अच्छा है कि पहले ही दे दिया जाये ।

चौधरी लाल सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर । डिप्टी स्पीकर साहब, भैस 11 महीने बाद व्याहती है लेकिन अभी इस जनता सरकार को तो बने 8 महीने ही हुए है, तो फिर यह जनता सरकार इतनी जल्दी दूध कैसे दे देगी? (हंसी).

श्री मूल चन्द : जैन मेरा कहना यह है कि जो भी जुडीशियल अफसरों के माथ डिस्क्रीमिनेशन है, वह दूर होनी चाहिये । ु सके अलावा डिप्टी स्पीकर साहब, जो जुडीशियल अफसर्ज का केडर है, उसकी तादाद कम है । मैं **चौधरी** शमशेर सिंह जी से सहमत हू कि इसमें बढ़ौतरी होनी चाहिये । जहां तक मुझे पता लगा है, हमारी सरकार यह विचार कर रही है कि जोरैंट के केसिज या मुकद्दमे बेदखली के जो केसिज हैं, वह फिर से इन जुडीशियल आफिसर्ज को देने जा रही है । यह केसिज पिछली सरकार के उन काले दिनो की याद कराते. है जबकि उसने एकदम से एक बिल ला करके के जुडीशियल आफिसर्ज से लेकर के एग्जैक्टिव आफिसर्ज को दे दिये थे । अच्छा होता अगर चौधरो शमशेरसिंह इस बात पर अपना अफसोस जाहिर करते या आंसू

बहाते मेरा कहना यह है कि जब यह रैट के केसिज जब उनके पास फिर दोबारा से चले जाये गे तो उनका वर्क लोड बाबु जायेगा । इसलिये मेरा कहना यह है कि अगर उनके केडर की तादाद में बढ़ोतरी करदी जाये तो हममें से किसी को कोई एतराज नहीं हो सकता । हां, यह जरूर है कि इससे आपका थोड़ा मा खर्च जरूर बढ़ेगा । आज देखिये जो बी0ए 0, एम0ए 0, एल0 एल 0बी 0 हकारों की तादाद में हमारी स्टेट में बेकार मौजूद हैं, उनकी थोड़ी सी रोजगार की प्रौब्लम हलहोगी । जहां तक केडर बढ़ाने की बात का ताल्लुक है, मैं एक बात और कह कर बैठ जा0ंगा । इसप्रस्ताव मेंतो सिर्फ जुडीशियल और एग्जैक्टिव आफिसर्ज रैक के पे–स्केल में जोफर्क है, उसको दूर करने के लिये कहा गया है और हमारी सरकार, मैं चाहता हूं, यही पर यह एलान करे कि हमने इनके पे स्केलज आज से ही बढा दिये हैं क्योंकि मुझे पता है मिनिस्टर साहब यह कह सकते है कि सरकार इस बात पर हमदर्दाना तरीके से विचार कर रही है । आज ही इसी हाउस के अन्दर सरकार को यह एलान करना चाहिये कि हमने उनसे डिस्क्रिमिनेशन बन्द कर दी है । दूसरी बात जो डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहने वाला हूं वह यह है कि यह ठीक है किजुडीशियल सर्विसिज की और एग्जैक्टिव आफिसर्ज की पे यकसां होनी चाहिये लेकिन उसके साथ ही साथ हमारी स्टेट में और हर दूसरी स्टेट में ओर सर्विसिज भी होती हैं, मिसाल के तौर पर इंजीनियरिंग सर्विस या मैडीकल सर्विस । डिप्टी स्पीकर साहब आप शायद मुझ से भी ज्यादा जानते होंगे कि इंजीनियर्ज

कौन लोग बनते हैं, डाक्टर कौन लोग बनते हैं? जो हमारे प्रदेश की क्रीम होती है वह इंजीनियरिंग कालेज में या मैडीकल कालेज में जाती है । मेरा कहने का मतलब यह है कि जो देश की क्रीम होती है वह ही इंजीनियर और डाक्टर बनती है । आपको यह भी पता है कि एच 0सी0एस 0 या आई 0ए 0एस0 की कम्पीटीशन में कौन बैठता है? इन कम्पीटीशनों में सिर्फ ग्रैजुएट्स बैठते हैं जबकि उन्हें 5 साल तक उन कालेजों में पढ़ना पड़ता है । मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई भी स्टेट या एग्जैक्टिव अथोरटी तव तक उन सर्विसिज से काम नही ले सकती जब तक कि आप उन्हे संतुष्ट न रखें । मेरा विचार है कि अगर उनके दिलों में हर्ट बर्निंग होगी तो वे काम नही करेंगे । आप को याद होगा कि इंडस्ट्रीज मिनिस्टर का पिछले दिनों अखबारों गे एक बनान आया था कि सर्विसिज वाले हमसे सहयोग नहीं कर रहे हैं ।

श्री उपाध्यक्ष : आप रैज्योलूशन पर बोलिये ।

श्री मूल चन्द जैन : ठीक है जी । तो मैं उसके बारे में यह कहना चाहता हूं कि जब तक आप सर्विसिज को कोआप्रेशन नही देंगे, उनका पूरा सम्मान नही करेंगे, उनसे कायदे–कानून के मुताबिक काम नही लेंगे, उनके मन में जो हीन भावना हए, उसको समाप्त नही करेंगे, उनके पे–स्केल बराबर नहीं करेंगे, तब तक आप उनसे सहयोग की उम्मीद मत रखिये । इसलिये मेरा सुझाव यह है कि इंजीनियरिंग, मैडीकल और यदि कोई इस तरह की सर्विसिज हैं, इन सब के पे–स्केल्ज को बढ़ाने पर विचार किया

जाये । अन्त में मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना स्थान लेता हूं ।

शिक्षा मंत्री (कर्नल राव राम सिंह :) : मैं जैन साहब से यह जानना चाहता हू कि वे जुडीशियल सर्विसिज से किस किस्म की कोआप्रेशन चाहते हैं ।

श्री उपाध्यक्ष : चौधरी रिजक राम ।

श्री मांगे राम गुप्ता : उपाध्यक्ष महोदय, कई दिनों से हाउस चल रहा है लेकिन हमें कभी टाईम नहीं मिला है । तीन–चार रोज हो चुके हैं लेकिन हमें इस साईड से बोलने का कोई अवसर ही नही दिया गया है । एक तो यह जो बीच में रुकावट पड़ती है जिससे हमारी नजरें नहीं मिल पाती है यह नही होनी चाहिये । हमें भी मौका मिलना चाहिए ।

श्री उपाध्यक्षः अब तो मैं चौधरी रिजक राम जी को काल–अपौन कर चुका हूं

कामरेड शंकर लाल : उपाध्यक्ष महोदय, मेरी आपसे गुजारिश यह है कि मुझे भी बोलने का मौका दिया जाये । आप सब की तरफ तो देख लेते हो लेकिन हमारी तरफ कभी देखते ही नहीं हैं ।

श्री उपाध्यक्ष : पहलें चौधरी रिजक राम जी को बोल लेने दें उसके बाद आपको टाईम मिलेगा ।

चौधरी रिजक राम (राई) : डिप्टी स्पीकर साहेब, आज जो प्रस्ताव श्री बलदेव तायल ने इस हाउस के सामने रखा है और जिसकी दूसरे माननीय सदस्यों ने ताईद की है, मैं भी उसके पर अपने विचार पेश करना चाहता हूं । डिप्टी स्पीकर साहब, मैं हाउस का ज्यादा समय न लेते हुए हें यह कहना चाहूंगा कि कोई भी सदस्य इस बात से इन्कार नहीं कर सकता कि जुडीशियरी प्रजातन्त्र का एक जरूरी अंग है और अगर देश में प्रजातन्त्र को सफल होना है तो जुडीशियरी के साथ न केवल इन्साफ होना चाहिये । बल्कि जुडीशियरी से किसी प्रकार का इम्तियाज नहीं होना चाहिये । किसी कारण अगर जुडीशियरी में असन्तोष पैदा हो तो प्रजातन्त्र की सफलता में रुकावट पैदा हो सकती है । डिप्टी स्पीकर महोदय, जो बातें मेरे से पहले दो ननें वाले सदस्यो ने कही हैं, उनको मैं दोहराना नहीं चाहता । मेरा विचार यह है कि मेरे ममी माननीय सदस्य और सरकार भी इम बात से मुत्तफिक होगी कि रैजोल्यूशन में जो दो बाते कही गयी हें, उन्हें अवश्य ही सरकार को मानना चाहिये । इसके साथ ही जुडीशियल अफसरों को जगह–जगह काम करने में दुश्वारियां हैं, कठिनाइयां हैं, न उनको मकान मिलते हैं और दूसरी तरफ उनकी तनख्वाहें कम हैं, हर किसी के मकान को किराये पर लेकर वह रह भी नहीं सकते क्योंकि जिस किसी का मकान किराये पर वह लेंगे यह खदशा रहता है कि वह मकान–मालिक उनके नाम को एक्सप्लायट कर सकता है । सरकार जहां एग्जैक्टिव को, जैसे नायब तहसीलदार या तहसीलदार के लिये तो क्वार्टर बना कर देती है, वहां उन्हें

जुडीशियल सर्विसिज के लिये भी क्वार्टर बनाकर देने चाहियें क्योंकि जहां पर नये जिले बने हैं, वहां पर तो आप देखे बहुत ज्यादा दिक्कत है । ये लोग किराये पर मकान लेने के लिये खुशामद करते फिरते है । वे ज्यादा किराया नही दे सकते, वे रियायत मांग नहीं सकते । इन सब बातों के कारण न्यायपालिका के जो लोग हैं उनको परेशानी है, उनमें असंतोष है । सरकार को चाहिए कि जिस तरह की सहूलियतें दूसरे अफसरान को दी जा रही हैं वह जुडीशियल अफसरान को भी दे । जैसा कि एक माननीय सदस्य श्री राम नारायण जी ने जिक्र किया और इसमें कोई शक नहीं कि पिछली सरकार के समय में कुछ अफसरान के साथ ज्यादती हुई, वे इन्साफी हुई और सुप्रीम कोर्ट में केस गए । लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जिस तरह से श्री एन0एस0 राव को सुप्रीम कोर्ट ने इन्साफ दिया, और यह इन्साफ देने से हरेक को प्रसन्नता है, उसीप्रकार सरकार जिन जुडीशियल आफिसर्ज के साथ बे इन्साफी हुई है, उनके साथ इन्साफ करे । उस पिछली सरकार के द्वारा की गई बे इन्साफी को यह सरकार दूर करे । श्री एन0एस0 राव के साथ सरकार धक्का करना चाहती थी । एक्स्ट्रैरन्यूअस रीजन्ज के कारण श्री राव के साथ बेइन्साफी की गई । लेकिन जहां एक आदमी या एक अफसर को इन्साफ दिया, वहां सरकार ने आंख बन्द करके बिना सोचे–समझे रूल में अमैन्डमैंट की जिससे सुपिरियर जुडीशियल सर्विसिज में नाराजगी है और उससे सब के साथ बेइन्साफी हुई । मैं इस बात को विस्तार से कहूंगा । 1963 में रूल्ज थे जिनकी बिना पर

जुडीशियल आफिसर्ज की कन्फरमेशन के टाइम से उनकी सीनियरिटी काउन्ट होती थी लेकिन बाद में पंजाब अलग बनने पर नवम्बर, 1966 में पंजाब सरकार ने यह किया किकफरमेशन डेट की बजाए कटि– नूअस सर्विस के पीरियड को सीनयारिटी के लिए गिना जाए और हरियाणा सरकार ने 1972 मे चीफ सेक्रेटरी के थरू यह किया कि सीनयरिटी का काईटेरिया कन्टीनूअस सर्विस हो, डेट आफ कन्फरमेशन न हो और दूसरे कई सूबे जैसे आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र गुजरात और मद्रास में यह नियम लागू है कि कटिनुअस सर्विस काईटेरिया हो सीनयरिटी का न कि डेट आफ कन्फरमेशेन । श्री एन0एस0 राव के फैसले में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिया कि कन्फरमेशन की तारीख सीनयारिटी के लिए ली जाए यह बिल्कुल गल्त है क्योंकि कफरमेशन के लिए कोई काईटेरिया मुकर्रर नहीं है । जो कन्क्ररम करने वाली अथौरिटी है, उसकी आरबिट्रेरी डिस्थि फशन है कि वह जब चाहे किसी को कन्फर्म करे । वह चाहे तो एक साल में कन्फर्म कर दे और उसकी मर्जी नहो तो दस साल तक कन्फर्म न करे । कई दफा ऐसा होता हे कि एक आदमी जो डायरैक्ट जूडीशियल सर्विस में आया वह तो तीन साल के बाद कन्फर्म हो गया और दूसरा आदमी जिसे दस पन्द्रह साल जुडीशियल सर्विस में आए हो गए हैं लेकिन वह कन्फर्म किसी कारण से नहीं हो पायातो इसका मतलब यहहुआ कि जिसकी तीन साल की सर्विस है वह पन्द्रह साल वाले से सीनियर हो गया । श्री एन0एस0 राव के फैसले में लिखा है कि यह बिस्कूल गल्त है कि तीन साल की

सर्विस वाला सीनियर हो जाए और दस–बारह साल की जिसकी कंटिन्यूअस सर्विस है तथा जो प्रोमोटीज हैं, वे जूनियर हो जाएं, यह ठीक नहीं है । डिप्टी स्पीकर साहब, इस चीज से जुडीशियल आफिसर्ज के अन्दर बड़ा असंतोष है । उसके नतीजे के तौर पर आन्ध्र, पंजाब, तथा महाराष्ट्र में माडल रूल 7 में तरमीम करके यह किया कि कंटिन्यूअस सर्विस से, प्रोबेशन पीरियड को निकालकर सीनियारिटी के लिए मुकर्रर हो न कि डेट आफ कफरमेशन । सरकार के सामने ऐसे कितने ही केसिज होंगे जिनमें कन्फर–मेशन अथोरिटी अपने सबौरडिनेट के साथ धक्का करती है, फेवरिटिज्म करती है और जिनकी कोई पहुंच नहीं हए वे व्यक्ति जूनियर हो जाते है और जो जूनियर होते हैं वे अपनी पहूंच के कारण सीनियर हो जाते हैं । पिछली सरकार ने कानून बदला और यह किया कि कंटिन्यूअस सर्विस ही सीनियरिटी का क्राईटेरिया होगा लेकिन जैसा कि श्री राम नारायण जी ने फरमाया– श्री एन0ए0स0 राव को नुक्सान पहुंचाने के लिए अथवा किसी और आधार पर वह तरमीम जो 1972 में की, उसके लिए कहा कि यह रिट्रोसपैक्टिवइफैक्ट से यानी 1970 से लागू होगी । इसलिए यह श्री एन0एस0 राव के हक में गया ।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी खुरशीद अहमद पदासीन हुए)

डाक्टर मंगल सेन : और हमारे आई0पी0एम0 साहब काफी सुलझे हुए आदमी है । आई0पी0 एम0 साहब एक अच्छे

वकील हैं, जल्दी हर बात को समझ सकते हैं । मैं समझता हूं कि वे इन बातों को ध्यानपूर्वक सुनकर जो भी पक्षपात इन जुडीशियल आफिसर्ज के साथ रूल्ज गल्त बनने के कारण या किसी खिलाफत के कारण हुआ है, उसको हम दूर करें और इसके लिए हम वचनबद्ध भी है । जुडीशियल आफिसर्ज मे, मकान न देने की वजह से अथवा किसी और वजह से, उनमें जो नाराजगी है उसको सरकार अवश्य दूर करे । इन्साफ के लिए यह जरूरी भी है कि उनकी तकलीफोंको दूर किया जाए । सैन्टर में इंदिरा गांधी और स्टेट में **चौधरी** बंसी लाल तानाशाही को कायम करने के लिए जुडीशियरी को अपने काबू में करने की फिक्र में थी लेकिन मैं पूरी तसल्ली के साथ कह सकता हूं कि सबोर्डीनेट जूडीशियल सर्विसिज ने अपनी आजादी का सबूत दिया । जुडीशियल मैजिस्टेरट्स तथा सैशन जजिज ने देश में यह वातावरणा या इम्प्रैशन पैदा नही होने दिया कि वे सिफारिंश से कोई काम करते हैं डी0आई0आर0 के जो केसिज एमरजैन्सी के' तहत दर्ज हुए तकरीबन उनमे लोगों को की किया । एक दो की बात तो मैं नही कहता लेकिन ज्यादातर जुडीशियल आफिसर्ज ने आजादी से काम किया। लेकिन एमरजैन्सी के टाईम में हाईकोर्ट जितनी बदनाम हुई उसकी मिसाल नहीं मिलती । जजिज डिमौरेचाइज हुए । पंजाब तथा हरियाणा हाई कोर्ट के जिन जजिज ने आजादान्त तौर पुरु काम करने की कोशिश की, उनकी लिस्ट बनाई गई । किसी को मद्रास भेज दिया और किसी को निकालकर कही और भेज. दिया । जैसा कि पोल्हू साहब ने कहा कि पंजाब क्या

हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पब्लिक मीटिग्ज में आफिसर्ज को एड्रैस कुरते. हुए कहते हैं कि हरियाणा के मुख्य मंडी ने हरियाणा की इतनी सेवा की है कि लोग प्रार्थना के समय उनका नाम याद करेंगे (व्यवधान) मैं तो खुले लफ्जों में यह कहना चाहता हूं कि हम तो उम्मीद करते थे कि जहां सरकार एग्जैक्टिव आफिसर्ज के खिलाफ कमीशन बैठाकर इन्कवायरी करा रही है वहां दूसरी तरफ उन लोगों के खिलाफ भी इक्वायरी की जाएगी जिन्होंने जुडीशियरी को बदनाम किया और जो सरकार के हाथ में कठपुतली बन गए । हमें उम्मीद थी कि ऐसे लोगों के खिलाफ इम्पीचमैट करके इंक्वायरी की जाएगी । हमें आशा थी कि उनकी इंक्वायरी करायेंगे कि एक्टिग गवर्नर होते हुए या चीफ जस्टिस रिटायर होने से पहले उन्होंने हरियाणा का दौरा किया और काफी रुपया इकट्ठा किया, कितने तोफे इकट्ठे किये, कितना स्टेट के खजाने में जमा किया और कितना वे लेकर भाग गये । इस बात की भी इंक्वायरी होनी चाहिये कि उन्होंने सिफारिशों की बिना पर कितने फैसले दिये और कितने बेगुनाह आदमियों को सजा दी और इन्साफ का कितना खून किया, इसी बिना पर उन्होंने सरकार से रियायत हासिल करने की कोशिश भी की थी । मैं यह सब बाते नुक्ता– चीनी की बिना पर नही कह रहा लेकिन सारे देश में यह वातावरण पैदा हो गया था । चेयरमैन साहब, आपको पता है जि तीन जजों को सुपरसीड किया गया और यहां पर एक जज को सुपरसीड किया गया और जिसको चीफ जस्टिस बनाया गया उसके बारे में जितना कहा जाए, थोड़ा है । चेयरमैन साहब, लोग उनके

अन्याय के शिकार हैं । उस वक्त कोई भी इलैक्शन पेटीशन या सरकार की मर्जी के 'खिलाफ कोई फैसला नहीं लिया जाता था । यह सब बातें मानी हुई हैं, ये साबित हो सकती हैं, कोई इससे इन्कार नहीं कर सकता ।

चेयरमैन साहब, आपको पता ही है कि गोलकनाथ के केस. में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि फन्डेमैन्टल राइट्स को पार्लियामैंट को बदलने का कोई अधिकार नही है, विधान मेंसंशोधन करके फन्डेमैन्टल राइटस में तरमीम नहीं कर सकते । भारत के एक चीफ जस्टिस जोकि पद मुक्त होकर आये और उस वक्त –की अपोजीशन ने और आज की सरकार ने उनको भारत के राष्ट्रपति पद के लिये खडा किया, उन्होंने यह फैसला दिया कि फन्डेमैन्टल राईट्स कों कोई पार्लियामेंट कभीभी नहीं' बदल सकती यह विज्ञान जो है, यह विधान हैं,. यह प्रजांतन्त्र– की जान है । चेयरमैन. साहब, आप. मानेगे कि हमारे –जो फन्डेमैन्टल राईट्स. है उसमें हर 'व्यक्ति को बैठने, बोलने और इकट्ठा होने की आजादी है, इसके इलावा

यह भी एक धारा है कि किसी शख्स की जान किसी कानूनी कार्यवाही किये बगैर नहीं ली जा सकती । यह भी एक धारा उस में है लेकिन ऐमरजैन्सी लागू हुई, फन्डेमैन्टल राईट्स समाप्त हुये । चेयरमैन साहब, गोलकनाथ केस का जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला था उसको सुप्रीम कोर्ट ने रद्द करके फैसला दिया कि इन फन्डेमैन्टल राईट्स को केवल मजबूत प्रजातन्त्र ही बदल

सकता है और बेसिक ढांचे को नही बदला जा सकता । चेयरमैन साहब, यहां तक ही नहीं बल्कि उस वक्त अटारिनी जनरल की तरफ से कहा गया था कि अगर एक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट किसी के वारन्ट गिरफतारी पर यह लिख देता है कि इस आदमी को जेल में शूट कर दिया जाए तो उस आर्डर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में किसी प्रकार की कोई अपील नहीं की जा सकती थी । उन दिनों लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाये और हैबीअस कोरप्स रिट्स दायर कीं और जिन जजों ने हाई कोर्टस में कुलदीप नायर और दूसरों के हक में सुनवाई की उनको, रिवर्ट किया गया और फिर सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला किया कि कोई भी व्यक्ति हैबीअस कोरप्स रिट लाई नहीं कर सकता चाहे उन्होंने ईमानदारी से हो फैसला क्यों न किया हो लेकिन सारे देश में यह हवा फैली कि सुप्रीम कोर्ट एग्जैक्टिव के असर से काम करती है । यह सब से ज्यादा घातक और गल्ल ढंग काएक असर था जो सारे देश में पड़ा लेकिन ये सारी बातें होते हुए भी मैं यह खुशी के साथ कह सकता हूं कि उस समय सुप्रीम और सबोर्डीनेट जजों ने बड़ी ईमानदारी का वातावरण बनाकर काम किया, किसी को कोई शिकायत नही थी और आज जो उनके साथ बे इन्साफी हुई है, ग्रेडज के बारे में या उनकी प्रोमोशन के बारे में, उन सब के बारे सरकार को शीघ्र ही ध्यान देना चाहिये । सरकार जहां कमिशन पर इतना पैसा खर्च कर रही है, वहां मेरा इतना ही कहना है इसी सैशन में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का जिसने कि पंजाब हरियाणा का ही नही बल्कि जुडीशियरी का नाम बदनाम किया,

उसके खिलाफ इम्पीचमैन्ट की मोशन लाई जाए । इससे सरकार ने जो देश की जनता के साथ स्वच्छ एडमिनिस्ट्रेशन लाने का वायदा किया है, वह पूरा होगा तथा जो न्यायपालिका को स्वतन्त्र करने का वायदा किया है वह भी पूरा होगा । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम) : चेयरमैन साहब, हाउस के सामने जो रेजोल्यूशन है, मैं उसकी पुरजोर शब्दों में ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं । इसके साथ ही यह भी कहना चाहता हू कि जिन आदमियों के साथ खुद अन्याय हो रहा हो, हम उनसे न्याय की क्या उमीद कर सकते हैं । लेकिन फिर भी उन्होंने पिछले 19 महीनों में अपनी इन्सानियत दिखाकर जो न्याय हमें दिया वह किसी से छुपा हुआ नही है । चौयरमैन साहब, मैं ज्यादा समय नही लेना चाहता क्योंकि सदन मे मेरे और भी बहुत से भाई बोलने के लिये बैठे हैं । वे लोग हमारे संविधान के रखवाले हैं, हम.। रें देश की परम्परा है कि कांस्टीचुशन सुप्रीम है और उसकी सुप्रीमेसी की वे लोग रक्षा करते हैं । यह मैं नहीं कहता, जैसे अभी श्री मूलचन्द जी जेन ने कहा कि उनके पे स्केलज में अन्तर है उसको दूर करके आज ही उन्हें एक सा पे स्केल दे दिया जाए, मैं इस की ताईद करता हूं लेकिन मेरा अपना सुझाव है कि विद रिट्रोसपैक्टिव इफैक्ट ही लागू किया जाना

चाहिये । इन शब्दों के साथ चेयरमैन साहब मैं आपका धन्यवाद. कुरता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

श्री हीरा नन्द आर्य (लोहारु) : चेयरमैन साहब, श्री बलदेव तायल जी ने जो वह रेजोल्य्शन इस हाउस में रखा है, मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं । इसमें दों राय नही है कि किसी भी प्रजातन्त्र में न्यायपालिका की आजादी, औंर स्वतन्त्रता का होना अति आवश्यक है और किसी भी आजादी के लिये सिर्फ राजनीतिक आजादी हो नही इसके साथ–साथ आर्थिक आजादी भी जब तक नही होती उस वक्त तक' सही माथेने–। में कोई, प्रणतन्त नहीं आ सकता जिस में आज हमें काफी दिक्कत है । आजं प्रजातन्त्र में न्याय की व्यवस्था ऐसी है, न्याय किस ढंग से दिया जाता है आज अगर आप देखे तो आप को पता चलेगा कि युका गरीब आदमी को न्याय मिलना कोई आसान बात ––ही है । यह सिस्टम ही ऐसा है, वैसे यह सारी व्यवस्था ही पूंजीपतियों के लिये है, जिन के पास पूजी है वही लोग सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स तक जा सकते है, कोई गरीब आदमी वहां तक पहुंच नहीं सकता लेकिन फिर भी पिछले 1 9 महीने में इस प्रजतन्त्र में अगर किसी ने कोई लड़ाई लड़ी है, चाहे राजनीतिक क्षेत्र में, चाहे न्यायपालिका के क्षेत्र में, जो. हिम्मत. सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई है उससे कही अधिक हाई कोर्ट ने दिखाई है और जो हाई कोर्ट ने हिम्मत दिखाई उससे अधिक नीचे वाले कोर्ट्स ने. हिम्मत दिखाई । उस वक्त बड़े बड़े पूंजीपति जो थे वे भी उन तानाशाहों के

साथ थे और जो गरीब किसान या हरिजन था वह जनता पार्टी के साथ था । आज मैंने नवभारत टाइम्ज अखबार में पडा जोकि पूंजीपतियों की देन है । उसमें हमारे साथी बलदेव तायल की तरफ से मुख्य मन्त्री की आलोचना के बारे में लिखा है । जैसे जिक्र अखबार में किया गया है, हम सभी सदस्य उपस्थित थे, हमारे सामने तो तायल साहब ने कोई आलोचना की बात नही की इसलिये मैं इन प्रैस गैलरी वाले भाइयों से भी निवेदन करूंगा कि वे गल्त खबरें न दिया करें । अब मैं इस प्रस्ताव. के विषय में कहना चाहता हूं कि प्रजातन्त्र को कायम रखने के लिये आर्थिक स्वतन्त्रता की भी बहुत आवश्यकता है । न्यायपालिका को जब तक अपनी रोटी–रोजी और रहने का इंतजाम मुहैया न हो तब तक वह आजादाना दिमाग से कोई फैसला नही कर सकती । जब तक उनके दिमाग में यह बोझ रहेगा कि उन्हें कहां पर मकान मिलना है, कहां रहना है, तब तक– वह आराम से काम नही कर सकेंगे । मकानौं के लिये उनको सेठों के पीछे भागना पड़ता है । आखिर इन्सान जिसका खाता है उसके आगे उसकी आंखें झुकती है । इसलिये जहां उनके पे–स्केलों का संबंध है, वहां उनके रहने के लिये जगह का भी प्रबन्ध होना चाहिये । जनता पार्टी ने लोगों के न्यायपालिका के स्वतन्त्र रखने का वायदा किया है और उसी के अनुसार मेरे साथियों ने सरकार से यह न्यायपूर्वक मांग मानने के लिये कहा । मैंतो कहता हूं कि जनता पार्टी ने जनता के सामने न्यायपालिका को उच्च स्तर पर रखने का वायदा किया है और जो

वायदा किया है वह निभाना पड़ेगा । इसके अलावा और कोई रास्ता नही । इन शब्दों के साथ मैं अपना स्थान लेता हू

श्री रघुनाथ गोयल (कैथल) : चेयरमैन साहब, मैं तायल साहब के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और मैं चाहता हूं कि जुडिशियल मैजिस्ट्रेटों को जरूर तरक्की दों जाए । धन्यवाद ।

चौधरी राजेन्द्र सिंह (बल्लभगढ) : चेयरमैन साहब, तायल साहब ने जो रैजोल्यूशन रखा है उसकी ताईद करते हुए अपने विचार सदन के सामने रखना चाहता हूं । देश के प्रत्येक नागरिक का यह मौलिक अधिकार है कि उसे न्याय दिया जाए लेकिन बहुत खेद और दुख से साथ कहना पड्हा है कि जो न्यायधीश हमें न्याय देते हैं उनके साथ सरकार न्याय करने में असमर्थ रही है । देश का प्रत्येक नागरिक और बच्चा–त्र–च्चा यह जानता है कि आपात काल के दौरान प्रजातन्त्र की या स्वतन्त्रता की अगर किसी ने रक्षा की है तो वह हमारी न्यायपालिका ने की है । जनता पार्टी की सरकार जब बनी तो लोगों को यह पूरी आशा थी कि जो न्याय हमारे न्यायधीशों के साथ हुआ था वह अब नहीं होगा । जो उनके अधिकार हैं, वह पूरे उन्हें दिये जाएंगे । मैं एक बात सदन के मामने रखना चाहता हूं कि जो आदमी अपनी तनखाह में अपना गुजारा नहीं कर सकता. तो कुदरती तौर पर उस आदमी को क्रप्ट होना पड़ेगा । मैं ऐसे अफसरों की मिसाल भी दे सकता हूं कि जिनका उनकी तनखाह से गुजारा नहीं होता । हमारे साथियों ने इस रैजोल्यूशन पर अपने विचार

रखे हैं और मेरा भी विचार है कि इस रैजोल्यूशन के खिलाफ इस सदन का कोई भी माननीय सदस्य नहीं बोलेगा । मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि यह जो रैजोल्यूशन पेश किया गया है कि जो हमारे न्यायपालिका के सदस्य हैं उन्हें कार्यपालिका के सदस्यों के बराबर तनखाह दी जाए उभको सरकार माने और रिट्रोस्पैक्टिवली माने ।

श्रीमती शान्ति देवी (कैलाना) : आदरणीय चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा.

चौधरी गंगा राम : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि मैं न्याय की आशा तो करता था लेकिन श्री' मूल चन्द जैन जो नेएक और रास्ता बताया इसलिये प्रैस वालों से जरूर प्रार्थना करूंगा कि वे हमें न्याय दिलवाएं मैं आपसे.....

Mr. Chairman : This is no Point of Order.

Chaudhri Ganga Ram : Again on a Point of Order

Mr. Chairman : You have had one Point of Order at a time and after that there has been no activity in the House necessitating another point of order. Shrimati Shanti Devi may please continue her speech.

श्रीमती शान्ति देवी : मैं माननीय सदस्य तायल जी ने जो प्रस्ताव सदन में रखा है उसका समर्थन करने के लिये खड़ी हुई हूं । तो

चौधरी संत कंवर : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि येरें साथ खुद अन्याय होने लग रहा है जब मैं उधर बैठा था तब तो आप बार–बार उधर देख रहे थे और अब जब इधर अपनी जगह बैठा हूं तो देख ही नहीं रहे हैं ।

श्रीमती शान्ति देवीः अगर आपसे। अन्याय हो रहा है तो सभी के साथ ही अन्याय हो रहा है । सबसे ज्यादा समय बोलने केलिये इनको दिया जाता है फिर भी कहते हैं कि अन्याय हो रहा है (विघ्न) इन वाले काम हमारे से नहीं हो सकते ।

चौधरी हरस्वरूप बूराः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । मेरी गुजारिश यह है कि अगला रैजोल्यूशन भी इतना ही जरूरी है इसलिये जो भी सदस्य बोले टाईम को ध्यान में रख कर बोले ।

श्री सभापतिः इनकी बात ठीक है । मैं आनरेबल मैम्बर साहबान से निवेदन करूंगा कि वे अपनी किसी बात को रिपीट न करे ।

श्रीमती शान्ति देवी : चेयरमैन साहब, जो रैजोल्यूशन श्री तायल जी ने रखा है मैं उसका समर्थन करती हूं । मैं आपकेद्वारा अपनी सरकार से और खासतौर पर डाक्टर मंगल सैन जी से पुरजोर अपील करूंगी कि जैसे सभी माननीय सदस्यों ने चाहा है वे इस प्रस्ताव को सर्व सम्पति से मानेंगे । मैं एक और छोटी सी बात कहूंगी कि जैसे एग्जैक्टिव वालों का सिलैक्शन ग्रेड

का कोटा 15 प्रतिशत से बढ़ा कर 20 प्रतिशत कर दिया गया है उसी तरह से जुडिशियल मैजिस्ट्रेटों का भी कोटा 20 प्रतिशत किया जाए जोकि अभी तक 15 प्रतिशत ही है । धन्यवाद ।

डाक्टर बृज मोहन गुप्ता (जगाधरी) : माननीय चेयरमैन साहब, मैं भी इसी प्रस्ताव के समर्थन में खड़ा हु आ हूं लेकिन मेरे वरिष्ठसाथी बाबू मूल चन्द जैन जी ने जो बात कही है ।

चौधरी गंगा राम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर । चेयरमैन साहब, मैं हाउस से और इस चेयर से समय नही मांगता और न ही बोलने का इतना शौक रखता हूं । मैं एक बात कहना चाहता हूं कि हुस सदन के अन्दर एक मैम्बर साहबान कोबोलने का समय देने का कोई तरीका होना चाहिए । मैं इस हाउस से और चेयरमैन से प्रार्थना करूंगा कि वे इस चीज का ध्यान रखें... (व्यवधान)

श्री सभापति हाउस : में ठीक तरीका है और उस तरीके के मुताबिक टाईम दिया जाता है ।

डाक्टर बरज मोहन गुप्ता : एच0 सी0 एस0 जुडिशरी और एच0 सी0 एस0 एग्जैक्टिव के बारे में बहुत कुछ कहा गया है लेकिन मैडिकल प्रोफैशन

चौधरी गंगा राम : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है ।

Mr. Chairman : If you want to take the whole time in raising Points of Order, what time will be left for speeches ?

चौधरी गंगा राम : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर बड़ा जरूरी है (व्यवधान)

Mr. Chairman : Whatever Points of Order you raised were hardly a Point of Order. Pleas do not misuse the procedure of the House.

चौधरी गंगा राम : मैंने आपसे एक बात कही थी और अब फिर कहना चाहता हूं कि जो प्रोसीजर बनाया गया है, एटलीस्ट वह तो मुझे बता दिया जाए कि क्या है? (व्यवधान) **श्री सभापति :** प्रोसीजिर जानने के लिए एक किताब है उसको पढ लीजिए । (व्यवधान) If you do not find anything in the book 'Rules of Procedure', then come to me.

डाक्टर मंगल सैन : चेयरमैन साहब, मेरी एक रिक्वैस्ट है और मैं हाउस के सारे सदस्यों से कहना चाहूंगा कि प्वायंट आफ आर्डर वही होता है जिसमें रूल के खिलाफ, पास्ट प्रैक्टिस के खिलाफ, कस्टिच्यूशन के खिलाफ कोई बात हो । जिस प्वायंट आफ आर्डर में ये बातें हों वही इन्टर्टेन होता है ।

श्री सभापति : ठीक है, प्वायंट आफ आर्डर का मिसयूज कम होना चाहिए ।

डाक्टर बृज मोहन गुप्ताः चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि जहां एच 0सी 0एस 0 एग्जैक्टिव और एच 0सी 0एस0

जुडिशरी को इस रैजोल्युशन में शामिल किया है वहां मैडिकल प्रोफैशन और इंजीनियरिंग प्रोफैशन को भी इस में शामिल किया जाना चाहिए । लेकिन मैडिकल प्रोफैशन और इंजीनियरिंग प्रोफैशन को शामिल नही किया गया है, जैसा कि श्री मूल चन्द जैन ने अपनी स्पीच में कहा कि हुनको भी शामिल किया जाना चाहिए । एच0 सी 0 एस0 एग्जैक्टिव और एच0सी0एस0 जुडिशरी के बारे में यह कह दिया जाता है कि वे एग्जाम देते हैं और सिलैक्शन में जो आए उसको लगाया जाता है । मैं इस हाउस के मैम्बरान को बताना चाहता हूं कि क्या मैडिकल प्रोफैशन और इजीनियरिंग प्रोफैशन वाले टैस्ट कम देते है? इनको कालेज में जाने से पहले टैस्ट देना पड़ता है और मैरिट के हिसाब से इनकी सिलैक्शन होती है..

Shri Kanwal Singh : The resolution is regarding Judicial services and not medical and engineering professions.

Mr. Chairman : Reference has been made to these professions also in the speeches made by some of the Members.

डाक्टर बृज मोहन गुप्ता : चेयरमैन साहब, मेरी आपसे दरख्वास्त है कि इस रैजोल्यूशन के अन्दर जहां एग्जैक्टिव और जुडिशियरी का जिक्र है वहां मैडिकल प्रोफैशन और इंजीनियरिंग प्रोफैशन को भी शामिल कर लिया जाए । धन्यवाद ।

चौधरी गजराज बहादुर नागर (मेवला महाराजपुर) : चेयरमैन साहब, मैं इस रैजोल्यूशन की ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं । बहरहाल इस पर पहले भी बहुत कुछ कहा गया है । चौधरी रिजक राम, श्री मूल चन्द जैन और हाउस के दूसरे साथियों ने अपने–अपने विचार रखे और ऐसा मालूमहोता है कि इस हाउसका कोई भी मेम्बर ऐसा नहीं हे जो इस रैजोल्यूशन की ताईद न करता हो । मैं हाउस से प्राथैना करूंगा, जैसे कि मांग की जा रही है, इसरैजोल्यूशन को पास कर दिया. जाए और आज से ही इसको लागू कर दिया जाए । इसके इलावा एक बात और है जो बहुत से स्पीकरों ने नहीं कही और वह बहुत जरूरी है । मैं इनके रिहायशी मकानों के बारे में कहना चाहता हूं । यह चीज जो जुडीशियल अफसरों को तंग कर रही है, इसका कोई न कोई हल होना चाहिए । उन को मकान तो कई जगहों पर मिले हुए हैं लेकिन गवर्नमैंट उनसे मार्केट–रैट डिमाड करती है । जबकि एग्जैक्टिव अफसरों से मार्केट रैट नहीं लिया जीता । मैं पूछता हूं इनके साथ इतनी ज्यादती क्यों की जाती है? क्या उनको तन्खाह ज्यादा देते है? मैं सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहूंगा कि उन से वही रीक– नेबल रैट चार्ज किया जाए जो दूसरे एग्जैक्टिव अफसरान से चार्ज 'किया जा रहा है और इस चीज को विद रिट्रोसपैक्टिव इफैक्ट लागू किया जाए । इन शब्दों के साथ मैं तायल साहब के रैजोल्यूशन की मजीद ताईद करता हूं ।

राव दलीप सिंह (महेन्द्रगढ़) : चेयरमैन साहब, तायल साहब ने जो प्रस्ताव हाउस में रखा है मैं उसका तहेदिल से समर्थन करता हूं और तायल साहब को मुबारिकबाद देता हूं । पिछले सैशन में एक बिल कोर्ट के बारे में था, उस पर चर्चा करते हुए मैम्बरों ने कहा था और सारे हाउस की सैन्स थी कि जुडीशियल सर्विसिज के जो मुलाजिम हैं उनकी तन्खाहों को बढ़ा दिया जाए और एग्जैक्टिव को जो फैसिलिटीज दी जाती हैं, वे सारी फैसिलिटीज जुडीशियरी को भी दी जाएं । पिछने सैशन में हाउस की यह सैंस थी और गवर्नमैंट को कनवे हो चुकी थी कि एग्जैक्टिव और जुडीशियरी को एट–पार लाया जाए । आज हाउस की सैंस को देखतेहुए मैं समझता हूंकि हरएक मेम्बर यह चाहता है कि जुडिशियल सर्विमिज को एग्जैक्टिव के एट–पार लाया जाए और गवर्नमैंट को हाउस में स्टेटमैंट देनी चाहिए कि हम एट–पार कर रहे हैं ताकि दूसरे रैजोल्य्शन जो एजंडे पर हैं, उन पर डिस्कशन हो सके । बजाये इसके कि सरकार इस हाउस का टाईम वेस्ट करवाए, इसको मान लेना चाहिए और हाउस में स्टेटमैंट देनी चाहिए ।

डाक्टर मंगल सैन : बोलना तो मेम्बर साहिबान का अधिकार है, हर एक को बोलने दे ।

एक सदस्य : यह तो मान लिया हैं... (व्यवधान)

चौधरी गंगा राम : आन ए प्वायंट आफ आर्डर । वैसे तो मुझे कहना नहीं चाहिए, बीकन चूंकि हाउस की डिगनिटी का सवाल है, इसलिए कहना जरूरी है । .....(व्यवधान)

Mr. Chairman : I think, this is no Point of Order. Rather it is an aspersion on the Chair.

Dr. Mangal Sein : I suggest that these remarks should be expunged.

Mr. Chairman : These remarks should be expunged.

चौधर्री देस राज (इंदरी) : चेयंरमेन साहिब हाउस में जो रैजौल्युशन पेश है, मैं उसकी ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं । जनता सरकार बनने से पहले सारे 'हिन्दुस्तान में तनाशाही की नीति थी और उस नीति के अन्दर तानाशाहों ने जुडीशियरी को मजबूर किया, परेशान किया । कुछ मजबूर हुए कुछ डी मौरेलाईज हुए लेकिन वह दौर खत्म हो गया और अब जनता सरकार है । आज जो रैजोल्यूशन हाउस के सामने पेश किया साया है उसका मैं पुरजोर समर्थन करता हूं औंर अपने साथियों से अपील करता हूं कि इस रैजोल्यूशन की जब से जनता सरकार बनी है, उसी रोज से इफैक्टिव बनाया जाए और जुडीशियल अफसरान की पे बढाकर एग्जैक्टिव अफसरान के बराबर कर दी जाए । जो सहूलियात एग्जैक्टिव अफसरान कोदो जाती हैं वही जुडीशियल अफसरान को दी जानी चाहिए क्योंकि कोई इन्सान चाहे किसी भी प्रोफैशन में हो, जब तक उसकी मैन्टल

सैटिस्फैक्शन नही होगी, उसके दिमाग में सरकार की तरफ से डिस्क्रिमिनेशन किए जाने की बात होगी तो वह काम ठीक तरह से नही कर सकता । पे–स्केल बढ़ने से जुडीशियल अफसरों के दिमाग में डिस्कन्टैटमैंट नही होगी और वे एफिशिएंटली काम करेंगे । जिस तरह से सरकार एग्जैक्टिव के पे–स्केल बढ़ाती है उसी तरह से जुडिशयरी के पे–स्केल बढाने चाहिएं । इन शब्दों के साथ मैं रैजोल्यूशन का समर्थन करता हू ।

श्री रण सिंह मान (बाढड़ा) : चेयरमैन साहब, इस सदन के मान्यवर साथी जो इस प्रस्ताव पर बोल चुके हैं, मैं उन से जुदा राय रखता हूं । इस देश का प्रशासनिक ढांचा अंग्रेजों के समय से लेकर, साम्राज्यवादी रूप को बनाये रखने के लिए खड़ा किया गया था । सन 1947 के बाद जब कांग्रेस की हकूमत बनी तो वही ढाचा कार्य–पालिका और न्याय– पालिका के रूप में हमारे सामने आया । या यूं कहिए कि काग्रेस पार्टी जो. धनिकों के हितों की रखवाली कर रही थी, उसने उस ढांचे को यूं का यूं कायम रखा और कार्यपालिका और न्याय पालिका ने हमेशा उन गरीबों को, इस देश के उन मजदूरों को, किसानों को सताया और अपनी लूट की तेज तलवार से हमेशा उनकी जेबें काटी । मैं यदि यूं कहू कि इस दै। की न्यायपालिका ने भी कुछ मामलों में धनिक वर्गकी सेवा की हैतो अतिशयोक्ति नही होगी । तेलंगाना में आप देखें कितने गरीब लोग मारे गए थे लंकिन हुस देश की न्यायपालिका ने यह कह कर बड़े जमींदारों को छोड़ दिया कि अब

पुरुष यह काम नही कर सकते । मेरे कुछेक साथी यह दलील देते हैं कि जनता सरकार को लाने में न्यायपालिका का बड़ा हाथ रहा है । इसके बारे में–मेरा तो यह कहना है कि जनता सरकार– को लाने में न्यायपालिका का नहीं बल्कि मेहनतकश और मजदूर तबके का हाथ रहा है । मुझे बड़ा अफसोस. है कि आज यहां न्यायपालिका और कार्यपालिका के बड़े आफिसर्ज के वेतन बढ़ाने के बारे में तो वात हो रही है लेकिन छोटे मुलाजिमों के बारे में जो जनता की बेहतरीन सेवा करते हैं किसी ने कोई मामला नहीं उठाया जबकि प्राईस इंडैक्स की बढ़ौतरी को देखते हुहु केन्द्र अपने कर्म– करियो को दो किश्तें दे चुका है । मेरे विचारानुसार तो कार्यपालिका और न्यायपालिका के लोग आम आदमी से कही 0ंचा जीवन स्तर व्यतीत कर रहे हैं । इसलिए मेरा सुझाव है कि न्यायपालिका की सर्विसिज की तनख्वाह बढाने की बजाय कार्यपालिका की सर्विसिज की तनख्वाह उनके बराबर कर दी जाए ताकि डिसक्रिमिनेशन खत्म हो जाए ।

चौधरी गंगा राम : (गोहाना. आदरणीय चेयरमैन साहब, मैं बलदेव तायल जी के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सदन का ध्यान एक बात की तरफ दिलाना चाहता हूं । जिस समय हम लोग ऐमरजेंसी के टाईम में जेलों में पड़े हुए थे उस समय **चौधरी** बंसी लाल के समय में जुडीशियरी के इम्तहान हुए थे जिसके द्वारा जुडीशियल मैजिडेट्स और सैशन जजिज की सिलैक्शन होनी थी । हमारे साथ भी कुछ ऐसे नौजवान थे जो उस इम्तहान और

इन्टरव्यू में आना चाहते थे । लेकिन बंसी लाल की जालिम सरकार ने मीसा के अन्दर उनको जेल में डाला हुआ था । उनमें से बहुत से नौजवान एल0एल0बी0 पास थे, बहुत इन्टैलिजैन्ट और क्यालिफाईड थे लेकिन उनको उस समय टैस्ट औरइन्टरव्यू मेएपीयर होने के लिए पैरोल पर भी नहीं आने दिया गया । इसलिए मैं जनता सरकार से यह प्रार्थना करना चाहूंगा कि वह इस ज्यादती को दूर करे क्योंकि इसने वायदा किया है कि ऐमरजेंसी के समय में जितनी ज्यादतियां हुई हैं उनको दूर किया जाएगा । मैं सरकार के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि उस समय जितने भी मैजिस्ट्रेस लिए गए, सैशन जज लिए गए, उनमें से लगभग 70 फीसदी केवल सिफारिश के तौर पर लिए गए थे । ये लोग बंसीलाल जी के, उनके वजीरों के और उनके मिलने वालों के रिश्तेदार थे । (विघ्न)

श्री सभापति : देखिए, एच0 सी0एस0 आफिसर्ज की नियुक्ति पब्लिक सर्विस कमीशन करता है । Therefore, any criticism of the Public Service Commission should not be made.

चौधरी लाल सिंह : ..... (हंसी)

श्री सभापति : चौधरी लाल सिंह जी जान तो आपकी और कमीशन की बराबर है लेकिन इस हाउस के रूल्ज को फ्लाउट करने की कोशिश न करें । Please do not cast any

aspersions on the Public Service Commission except through the procedure contained in the Rules.

चौधरी लाल सिंह : चेयरमैन साहब, मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर है ।.....

Mr. Chairman : This is no point of Order. Please take your seat.

चौधरी लाल सिंह : यह मानना पड़ेगा कि ....

श्री सभापति : कमीशन के बारे में जो रिमार्कस पास किए गए हैं, वे ऐक्सपंज किए जाएं ।

चौधरी गंगा राम : चेयरमैन साहब, मैं तो यह अर्ज कर रहा था कि जुडीशियरी में भी यह हुआ कि जो डिजर्विन्ग कैडिडेट थे वे तो नही आ सके लेकिन जो सिफारिशी कैडिडेट थे वे ले लिए गए । (विघ्न)

Mr. Chairman : Again you are repeating the same thing. Please limit your speech within the guidelines laid down in the Rules of Procedure of the House.

चौधरी गंगा राम : तो मेरी यह मांग है कि ऐसी जो सिलैक्शन थी उसकी इंक्वायरी करवाई जाए ।

इसके अलावा चेयरमैन साहब, मैं कहना चाहता हूं कि न्याय की आधारशिला लोअर कोर्ट से शुरू होती है लेकिन आज

हरियाणा के अन्दर लोअर कोर्टस की बहुत बुरी हालत है । मैं अनुभव के तौर पर बताना चाहता हूं कि आज से पांच महीने पहले गोहाना में हुक मैजिस्ट्रेट था । उसको तीन दिन सोनीपत जाना पड़ता था और चार दिन गोहाना रहना पड़ता था ' सोनीपत उसे रिक्शा में बैठकर बस स्टैड और फिर वहां से बस से जाना पड़ता था । तो मेरा कहने का मतलब यह है कि जुडीशियरी के मैजिस्ट्रेस के साथ, सब–जजिज के साथ बड़ा भारी अन्याय हे रहा है । उन्हें आज कोई सहूलियत उपलब्ध नही है । एक नायब तहसीलदार को जीप मिंत्री हुई है, बंगला मिला है, सर्वेन्ट मिला है लेकिन जुडीशियल मैजिस्ट्रेट के पास कोई बंगला नही है, कोई मकान नहीं है और उनकी अदालतें भी बहुत सी जगह ऐसे मकानों के अन्दर है जो पुराने बंगले हुआ करते थे । तो इस सरकार से मैं यह कहना चाहता हूं कि जो मैजिस्ट्रैट रात दिन मेहनत करता है अगर उसके लिए पूरी सहूलियत न हो तो यह कोई अच्छी बात नही है । इसलिए मैं सरकार से चाहूंगा कि अगर यह सरकार न्यायपालिका के मैजिस्ट्रैस से हमदर्दी रखती है क्योंकि वे हमेशा हमे न्याय देते रहे हैं, किसी सरकार से डरे नहीं, तो उनको सारी सहूलियते दी जानी चाहिएं ।

चेयरमैन साहब, एक अर्ज मैं और करना चाहता हूं । हमारी सरकार ने कई महकमों के अन्दर लीगल ऐडवाइजर्ज लगा रखे हैं । लेकिन हमें ताज्जुब होता है यह देखकर कि उन्हें कोई तजुर्बा नहीं होता । आज हरियाणा के अन्दर कितने ही रिटायर्ड

मैजिस्ट्रेस और जज बैठे हुए हैं जो कि लीगल साईड में बहुत अच्छी राय दे सक्ते हैं, बहुत अच्छी ओपिनियन दे सकते हैं ऐडमिनिस्ट्रैशन के काम में, पुलिस के काम मे और दूसरे महकमों में । आज, जैसा मैंने पहले कहा, कई ऐसे ऐडवाइजर सरकार ने रखे हैं जिनपर कोई अनुभव नहीं है, बिल्कुल इन ऐक्सपीरियन्सड हैं और जिनकी सर्विसीज भी बिल्कुल लोअर कैटेगरी की रही है । इसलिए मैं जुडीशियरी की लिहाज से, न्याय की लिहाज से यह कहना चाहूंगा कि हमारे जो ऐडवाइजर है, वे बहुत अच्छे लीगल माइन्ड के होने चाहिए । (विघ्न–).. चेयरमैन साहब, मैं तो यह समझता है कि न्याय पालिका के और कार्यपालिका के वेतनमान बराबर तो होने ही चाहिए

लेकिन यह और भी अच्छी बात होगी यदि न्यायपालिका के वेतन कार्यपालिका से ज्यादा हो. जाएं ताकि हमारे न्यायमूर्ति भ्रष्ट न हो सकें और अच्छा न्याय दे सके । इन शब्दों के साथ मैं बलदेव तायल जी के डंस प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूं ।

मास्टर शिव प्रसाद (अम्बाला शहर): चेयरमैन साहब, ऐग्जैक्टिव और जुडीशियल सर्विसिज के वेतन मानों मैं जो भेद है उसको दूर करने के लिए श्री बलदेव तायल जी ने जो प्रस्ताव सदन के सामने रखा है उसके सम्बन्ध में मैं भी कुछ कहना चाहता हू । इसमे कोई शक नही है कि जो खुशदिल मजदूर होता है वह अधिक कार्य करता है । यदि उसके दिल पर यह बोझ हो तो वह सोचेगा कि मैं योग्यता में ज्यादा हूं इसलिए मुझे योग्यता के

आधार पर स्थान मिलना चाहिए । आज के युग में कौन बड़ा है, कौन छोटा है उसका सबूत इस बात से भी मिल जाता है कि किस व्यक्ति को अधिक वेतन मिलता है और किस को कम मिलता है ।

चौधरी राम किशन : आन ए प्वायंट आफ आर्डर. सर । 'चेयरमैन साहब मैं आपके माननीय सदस्य से दरखास्त करना चाहूंगा कि इस रेज्योलूशन पर ज्यादा न बोला जाये, काफी सदस्य बोल चुके है । आगे जो रेज्योलूशन आ रहा है, उस पर भी सदस्यों ने बोलना है । टाईम थोड़ा है ।

Mr. Chairman : This is no point of Order. Please take your seat.

मास्टर शिव प्रसाद : इसलिए पिछले 19 महीने का इतिहास ऐसा रहा है कि जुडीशियरी के पास कोई ताकत ही नही है । जब हम जेल में थे तो वहां बैठे हुए यह सोचा करते थे कि ऐग्कैक्टिव तो इस सरकार का दुमछल्ला बन कर रह गई है । लोगों में कोई आशा की किरण नही थी । आशा की किरण अगर कही टकराती थी तो वह जुडीशियरी पर टिकती थी । जेल में बैठे देखते थे कि किसी साथी कीं लड़की की शादी है तो उसको भी पैरोल पर नहीं जाने दिया जाता था । इनएग्जैक्टिव के लोगों ने अपने दिमाग पर ताला लगा कर उसे– बन्द कर लिया था । सरकार की तरफ से जो भी आदेश होता था केवल उसकी पालना करते थे ।. यी सब खुशनूबी हासिल करने केलिए किया जाता था । सरकार की जो भी आज्ञा होती थी, वही. मानते थे । लोगों को

तंग करनें और नुक्सान पहुंचाने में आन्नद लेते थे । कुछ लोग विवश हो कर, मजबूर हो कर, न चाहते हुए भी जो सरकार कहती थीं वह करते थे लेविन हमें देखने में ऐसा आया कि जुडीशियरी के बहुत से ऐसे अफसर थे कि अपनी नौकरी को दाव पर लगा कर भी इंसाफ करना चाहते थे । मैं अधिक नही कहता हुआ एक बात जरुर कहना चाहता हूं कि 19 महीने के अन्धकारमय माहौल के अन्दर, अन्धकारमय वातावरण के अन्दर आशा की किरण कहीं टिकती थी तो जुडीशियरी के पर टिकती थी । तो इसलिए उन लोगों को बराबर ले जा कर नही खडा करना चाहिए क्योंकि एक आदमी अच्छा काम करता है तों उसको प्रोत्साहित करने के लिए बराबर नहीं खड़ा करना चाहिए । मैं तो यह कहूंगा कि उसको एग्जैक्टिव के मुकाबले में अधिक सहूलियतें मिलनी चाहिएं । वेतन के तौर, रहन–सहन के तौर पर उनको अधिक सहूलियतें मिलनी चाहिए । शिक्षा भी जुडीशियरीं वालों की अधिक होंती है, इसलिए इसी अनुपात से वेतन भी दिया जाना चाहिए । जुडीशियरी वालों का वेतन अधिक होना चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

Mr. Chairman : The Minister for Parliamentary Affairs.

चौधरी भजन लाल : चेयरमैन साहब, मैं चाहूंगा कि जिस दिन से ऐग्जैक्टिव को ग्रेड दिये गये हैं उसी दिन से

जुडीशियरी को भी ये प्रेडज दिये जायें । (श्री सुरेन्द्र सिंह की ओर से विघ्न)

चौधरी संत कंवर : चेयरमैन साहब, भाई सुरेन्द्र सिंह बहुत ज्यादा बोल रहे थे ।

Mr. Chairman : Do not make it personal. Please take your seat.

चौधरी संत कंवर : .....

Mr. Chairman : This is irrelevant.

चौधरी संत कंवर : .....

Mr. Chairman : Please take your seat. You are not having my permission to speak. These remarks will not be noted.

चौधरी लाल सिंह : चेयरमैन माहव, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है ।

Mr. Chairman : Please do not try to misuse the procedure of the House. 1 have already called upon the Hon. Minister and would request the Hon. Member to maintain the discipline of the House.

चौधरी लाल सिंह : मेरी रिक्वैस्ट है । आप सुन तो लें । आपने करन भी– मेरे साथ ऐसा ही किया और आज भी मेरी बात सुनने केलिए तैयार नही है ।

उद्योग मन्त्री (डा 0 मंगल सैन) : चेयरमैन साहब, मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि आज सदन में मेरे माननीय मित श्री बलदेव तायल जी ने एक प्रस्ताव रखा है । उन्होंने यहां हाउस में एक आवाज बुलन्द की, उन लोगों की जो 'किसी राजनैतिक मंच पर बोल नही सकते, जो समाचार पल में किसी प्रकार का वक्तव्य नही दे सकते । जो अपने दिल के बलबले अपने दिल मेंही रखते है और यही लोग जमहुरियत को कामयाब करने का तीसरा पाया माने जाते हैं । मेरे माननीय मिड ने न्यायपालिका की परिभाषा बहुत सुन्दर शब्दों में की है । मेरे पास ऐसे शब्द नहीं कि मैं उनमें कुछ और जोड़ सकू । न्यायपालिका का बड़ा महत्वपूर्ण कार्य है । हमने स्वाधीनता के संग्राम में भी और बाद में भी बार–बार कहा है कि हम न्याय सस्ता और जल्दी देंगे । लोगों के साय न्याय करेंगे । चेयरमैन साहब, हमारी 'पिछली' सरकार ने जमहूरियत को पामेल किया और उसकी वैल्यू को खत्म करके रख दिया । पिछली सरकार ने न्यायपालिका को बिल्कुल पंगू बना दिया । मेरे अजीज अब यहां से उठ कर चले गये, उनके बुजुर्ग जो यहां के मुख्यमन्त्री होते थे, उन्होंने यहां पर तानाशाही लादी थी । हरियाणा में उनकी विहम के खिलाफ जिसको उर्दू में झख कहते हैं, कोई बात हो जाये तो अबाही–तबाही कर देते थे । चेयरमैन साहब, मैं क्या बता0ं? उन्होंने एक गुनाह किया हो तो बता0ं, कितने ही गुनाह किये । एक लड़का उनकी ही तहसील का था । उसका जुडीशियरी में सिलैक्शन हो गया । उस बेचारे को मीसा में दे दिया, उसको ही नहीं, उसके बाप और उसके दादा तक को जेल

में दे दिया । यह थीं उनको ताना–शाही । आज **चौधरी** शमशेर सिंह की मजबूरी है, गुनाह किस ने किया है और भुगतना उन्हें पड़ रहा है । ये बहुत सज्जन आदमी हैं इन्होंने कई पार्टियां बदली हैं आखिर में कांग्रेस में पहूंच गये हैं । चेयमैन साहब, यह उनकी कनविक्शन की बात है । आज सारे गुनाहों का गन्द इनको उठाना पड़ रहा है । खुद इनका गुनाह नही है । चेयरमैन साहब, सारे हरियाणा के लोगों की मिट्टी प्लीद करके रख दी । जब वे खुश होते थे, यह कहा करते थे कि लगा दिया सारो को बर्फ में । यह बात आप सब लोग जानते हैं, ऐसी उनकी विचारधारा थी । जैसे कि उन्होंने आर्डर किये कि एस0 पी0 की कानफिडैन्शल रिपोर्ट डी'0सी0 लिखा करेगा और भी कई ऐसी बाते हैं । चेयरमैन साहब, आप तो काफी काबिल वकील हैं, इस बात को जानते होंगे कि एक जज बनने के लिए किसी को कितनी तपस्या करनी पडती है । उसकी कोई पब्लिक लाईफ नहीं है । उसके घर में दो बार कोई आदमी घुस जाये तो यह शक किया जाता है कि फलां आदमी कैसे चला गया? वह बेचारा कहीं कुछ बोल नहीं सकता । हो सकता है चोरी से बोल भी पड़े लेकिन फिर भी उसको सावधान रहना पड़ता है । इस जमहूरियत को सब से ज्यादा सफल करने का श्रेय किसी को जाता है तो वह न्यायपालिका को जाता है ।

चौधरी रिजक राम जी ने एक सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की इम्पीचमेंट का जिक्र किया कि यह सरकार का पहला काम होना चाहिए था कि उस चीफ जस्टिस की इम्पीचमेंट करते ।

चौधरी रिजक राम : मैंने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस का नहीं कहा था बल्कि हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का कहा था ।

डाक्टर मंगल सैन : मैंने तो वकालत की नहीं, हां जेल में वकालत की किताबें जरूर पढ़ी हैं । किसी को रिमूव करने के लिए इम्पीचमैंट करनी होती है । अब वह सर्विस में नहीं है । उनकी भावना तो ठीक है । इतने गुनाहगार को माफ नहीं करना चाहिए था । हमें एक मिसाल कायम करनी चाहिए थी लेकिन हमारे पहुंच में नही था ।

चौधरी रिजक राम : संविधान में प्रोविजन है । अब भी इम्पीचमेंट कर सकते है ।

डाक्टर मंगल सैनः चेयरमैन साहब, यह बात ठीक है कि उनके निवास के लिए, बौरडिंग के लिए ठीक प्रबन्ध नहीं है, उनको परेशानी होती है । पिछली सरकार ने तो उनको घसियारा बना कर रखा हुआ था, दर–दर की ठोकरें खाने के काबिल बना रखा था । चेयरमैन साहब, मैं प्रसन्न हूं कि उनकी बात आखिर किसी ने तो कही है और वह भी मेरी पार्टी के एक आनरेबल मैम्बर ने कही है । उस का समर्थन सब ने किया है । एक भाई ने तो अपने दिल का दर्द और ढंग से ही जाहिर किया है उन्होंने यह

कहा है कि दूध दे देना, मींगने डाल कर न देना । चौधरी लाल सिंह बड़े सिवाने मैम्बर हैं । उन्होंने वक्त भी बता दिया कि भैंस कब दूध किया करती है ।

श्री शमशेर सिंह : क्या यी सरकार डंगर है जैसा कि चौधरी लाल सिंह का इशारा है?

डाक्टर मंगल सैन : चौधरी शमशेर सिंह जी आप डंगर तो खुद देख लीजिये कौन थे । वह कहा करते थे कि मैंने तो की पूंछ पकड़ रखी है. (व्यवधान) वह यह कहा करते थे कि अगर मैं की पूछ पकड़ लू तो 20 मील तक घिसटता चला जा0ं लेकिन वह न छोडू और यह तो राज गद्दी है लेकिन बहिन चन्द्रावती जी ने ऐसा लट्ठ मारा कि पूंछ कहां गयी और वह कहां गया इसका उसको पता भी नहीं चला । इसलिये डंगरों की बात आप न करे तो अच्छा रहेगा । तो मैं चेयरमैन साहब, यह कहना चाहता हू कि हम दूध मीगने डाल कर नहीं देंगे । मै माननीय सदस्य मूल चन्द जी को यह बताना चाहता हूं कि हम मीगने डाल कर दूध नही देंगे बल्कि प्योर दूध देंगे और ऐसा दूध देंगे जिसमें से फ्लेवर आयेगा, जिससे पीने वाले को भी आनन्द आ जाये और देखने वाले को भी आनन्द आ जाये । मै एक बात और बाबू मूत्र चन्द जी से कहना चाहता हूं । शायद वे मेरे से कुछ नाराज भी होंगे । यह हमें इन–एफीशीयेंट तो न कहें । एक तो यह भाई हमें जाते हुए टोटा दे गये और दूसरे बाटु आ गयी । इसलिये मै इन्हें यह अर्ज करना चाहता हूं कि ये हमें इन– एफीशीयेंट तो न कहे ।

टाईम तो थोड़ा–बहुत हरेक काम में लगता ही है । इसलिये' मै आपसे यह अर्ज करूंगा कि आप हमें कम से कम इनएफीशीऐंट तो न कहें । हम जाग रहे हैं । हम मैम्बरों की बात के बड़े रिस्पौसिव है । मुझे यह बात कहने में भी बड़ा गर्व हो रहा है कि हमने उनकी बात को इग्नोर नहीं किया हुआ है । एक बात उन्होंने यह कही कि इनके केडर मे जो 150 लोग हैं ये थोड़े हैं और वर्क लोड ज्यादा है । यह बात भी बाबू जी ने ठीक फरमायी कि जो किरायेदारो के बारे में अमैडिंग बिल आ रहा है, उससे इनका वर्क लोड और बढ़ने वाला है क्योंकि आपको पता है कि इन कांग्रेसियों का काम तो यह था कि किराये– दारों के साथ धक्का करना और सरमायेदारों का घर भरना । चेयरमैन साहब, आप तो खुद तजुर्बेकार है, मुझे मेरे भाई माफ करेंगे, मैं आपके द्वारा इस सदन को याद दिलाना चाहता हूं वह समय जब एस0डी 0एउम0 को एग्जैक्टिव चलाया करती थी, कांग्रेस पार्टी चलाया करती थी । चन्दे भी जमा करती थी हाजिरी भी इकट्ठी करती थी ट्रकों के जरिये, चेयरमैन साहब, जब से जनता पार्टी की सरकार आयी है, हरियाणा में चाहे देश का बड़े से बड़ा नेता आया है, हमने 'कभी एस0 डी0 एम 0 को या थानेदार को यह नहीं कहा कि जाओ, जनता को भर लाओ । (**चौधरी** शमशेर सिंह की ओर से विघ्न) वह अपनी झेंप उतारना चाहते है उतार लें । इतना तो मौका इनको भी मिलना चाहिये वरना तो कोई भाई उठकर इनको मारेगा । चेयरमैन साहब, मै भी उनकी इस बात से इत्फाक करता हूं कि जुडीशियल सर्विसिज को एग्जैक्टिव के बराबर सहूलियतें मिलनी

चाहिये । आपने तो वह काम किया नही लेकिन हम जरूर करेंगे ताकि आपके मन में यह बात अधूरी न रह जाये । इनको मगरमच्छ के आंसू बहानेकी जरूरत नही है । जब हम उनकी तकलीफ खुद दूर कर सकते है तो हम जरूर वह तकलीफ दूर करेगे । चेयरमैन साहब, उन्होंने सिलैक्शन ग्रेड की बात कही कि हरियाणा में एग्जैक्टिव के तो 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत बडा दिये लेकिन उनके 15 प्रतिशत ही रह गये । मै एक्सपैक्ट करता था कि **चौधरी** शमशेर सिंह जी कबूल करेंगे, कन्फैस करेंगे कि हमारी सरकार ने उनके साथ सख्त बेइन्साफी की थी, न्यायपालिका के साथ धक्का कर रखा था और हमे यह कहते कि अब आप उन्हें ठीक कर दो । अगर वह ऐसा करते तो मै उनकी फराखदिली की, स्पोर्टस मैनशिप की दाद देता उसके एप्रीशीयेट करता लेकिन उन्होंने ऐसा नही किया । हम जब अपोजीशन में थे, तो **चौधरी** बंसी लाल की कोई अच्छी बात होती थी तो हम उसको खुले मन से कहा करते थे । इनको हिम्मत सीखनी चाहिए । तो मैं यह कहना चाहता हूं **चौधरी** शमशेर सिंह अपने मित से कि उनमें सच बात कहने की हिम्मत हो नी चाहिये । अगली बात मै यह कहना चाहता हूं कि जहां तक प्रोफैशनल सर्विसिज का सम्बन्ध है जिसमें इंजीनियरिंग और मैडीकल साईन्स वगैरा आती है, जिन्हें जुडीशियल सर्विसिज से भी पर बताया गया और जुडीशियल सर्विसिज को एग्जैक्टिव से पर बताया गया, यह मेरे ख्याल से ठीक नही है 1 क्योंकि उनका कोई नुमायन्दा यहां पर बोलने वाला नहीं है इसलिये अगर मै ज्यादा कुछ कहूंगा तो उनके साथ ज्यादती हो जायेगी । आपको बता दू

कि ये लोग कम्पीटीशनज से आते हैं । इसलिये मै यह अर्ज करना चाहता हूं कि हमें थोड़ा मा न्यायप्रिय होना चाहिये । हमें किसी के पीछे लट्ठ उठा कर नही पड़ जाना चाहिये । जो इन्होंने यह कहा कि इन्होंने मर्दानगी का सबूत मुसीबत के दिनों में दिया, इसमे कोई शक की बात नही है । चेयरमैन साहब, सुप्रीम कोर्ट ने तो कह दिया था कि अगर ये लोग किसी को गोली से उड़ा भी दें या थानेदार इनको जेलों की चारदीवारी में भूखा मार दें तो भी हम कुछ नही कर सकते क्योंकि इनके फन्डामैटल राईट्स सस्पैड किये हुए हैं । लेकिन छोटी अदालतों ने जो छोटे–छोटे मुकदमें बने हुए थे डिफैस आफ इंडिया रूल्ज के अन्डर या किसी दूसरे कानून के अन्डर, उनकी जमानतें लीं, बरी भी किया । एकाध नही बल्कि सैकड़ों हजारों लोगों की जमानते ली और उन्हें बरी भी किया । तो मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि न्यायपालिका ने आपात काल में भी, घोर अन्धकार में भी, जुल्म की इन्तहा में भी अपने आपको न्यायप्रिय बनाये रखा और न्याय की ज्योति को प्रज्जवलित किये रखा । मेरा सिर उनके सामने उनकी न्यायप्रियता के लिये नतमस्तक हो जाता है । क्योंकि अब अगला प्रस्ताव आने वाला है इसलिये मेरे मित श्री बलदेव तायल जी ने जो प्रस्ताव दिया है कि राज्य में एच0 सी0 एस0 कार्यपालिका तथा एच0सी 0एस0 न्यायपालिका सेवाओं के सदस्यों के वेतनमानों मे विभेद को तत्काल दूर किया जाये, उसके बारे मे मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि मैं उनसे बिल्कुल सहमत हूं । हमारी सरकार में आज से नही, आज से पहले ही इस मामले की फाईल चल रही है,

हम बहुत जल्दी ही कैबिनट में डिसीजन ले करके इनमे जो विभेद हैं वह हम दूर कर देंगे । मै इस बात का आश्वासन दे रहा हूं कि यह काम जरूर किया जायेगा और यह जो पिछली सरकार द्वारा उनके साथ धक्का किया गया था, वह जरूर ठीक कर दिया जायेगा । चौधरी रिजक रामू जी ने जो एक बात कही कि इस राज में तुक ऐसा संशोधन हो गया है कि जो बड़ा गलत था 1 वह ठीक नहीं था । उनका मैमोरैडम हमारे पास आया हुआ है । हम क्लोजड माईन्ड के आदमी नहीं हैं । चेयरमैन साहब, हमारे से जो पहले हुआ करते थे वह ऐसा थे कि जो एक बार कह दिया सो कह दिया जिनको हम झक्की भी कह सकते हैं । लेकिन हम ऐसे नही हैं । हम उनके कहे अनुसार अपने उस संशोधन पर पुनर्विचार करने के लिये तैयार हैं । मै आपके द्वारा सदन को यह आश्वासन देना चाहता हूं कि सरकार जो जुडीशियरी के साथ धक्का किया हुआ है, उसको ठीक– करेगी और यह सरकार उनको वह सारी सुविधाये देगी जो हम कार्यपालिका को दे रहे हैं ।

Shri Baldev Tayal : Mr. Chairman, I must express my gratitude to my Hon. Member colleagues who have given support to this resolution. I also express my gratitude to the Hon. Minister and, in view of the statement made by him, I beg to withdraw this resolution.

Mr. Chairman : Has the Hon. Member the leave of the House to withdraw the resolution ?

(Voices : Yes)

The resolution was, by leave of the House, withdrawn.

गैर सरकारी संकल्प

(11) मार्किट कमेटियों को होने वाली कुल आमदन ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर खर्च किये जाने तथा ऐसी मार्किट कमेटियों द्वारा अपने सम्बन्धित क्षेत्रों में व्यय की गई राशि का विवरण प्रत्येक वर्ष सदन की मेज पर रखे जाने सम्बन्धी

12.30 बजे '

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालखा) : चेयरमैन साहब, आपके आदेशानुसार मैं अपना मूत्र प्रस्ताव इस सदन की सेवा भे प्रस्तुत करता हू––

'' यह सदन राज्य सरकार से सिफारिश करता है कि मा र्किट कने रियो से होने व ली कुल आमदन ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर खर्च की जाए तथा ऐसी मार्किट कमेटिये द्वारा अगने सम्बन्धित क्षेत्र पर व्यय की गई रा शि का वि वरण प्रत्येक वर्ष सदन की मेज पर रखा जाए । ''

चेयरमैन साहब, इस प्रस्ताव से ऐसा मालूम होता है कि असैम्बली सैक्रिटेरियट से अनुवाद करने में या किसी और तरीके से शब्द रह गए हैं और खासतौर पर मेरा जो प्रस्ताव था..... मै समझता हूं कि सेक्रेटरी साहब आप से कुछ कह रहैं हैं ।

Mr. Chairman : The Secretariat would go into that aspect also. But you may please continue your speech.

श्री मूल चन्द जैन : मै एक बात खासतौर पर कहना चाहता हूं कि रूल्ज आफ बिजनैस में स्पीकर साहब को यह अधिकार है कि वह प्रस्ताव की भाषा को तबदील कर सकते हैं । वह रूल 175 है जिसके अधीन प्रस्ताव की भाषा तबदील की जा सकती है लेकिन चेयरमैन साहब, आपके द्वारा मैं एक बात कहना चाहता हूं कि भाषा तबदील करने के बाद जो भाषा बचे, उसमें कम से कम मूल प्रस्ताव की सैस बिल्कुल ठीक तरीके से आनी चाहिए । यह चीज मैं खास तौर से बता0ंगा । मेरे प्रस्ताव लाने का जो मूल कारण था, वह यह था कि कांग्रेस के जमाने में एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्किट एक्ट में संशोधन हुआ था । मेरे पास वह संशोधन नहीं है । मै काफी तलाश कर रहा था कि वह संशोधन क्या था । उसकी बाबत मुझे मालूम नही है । चेयरमैन साहब, तकरीबन सभी जिलों में जहां–जहां मंडिया हैं, जैसे करनाल, पानीपत, घरौंडा, सम्भालखा आदि, वहां मार्किट कमेटीज हैं । पांच–सात वर्ष पहले मार्किट कमेटी की जो आमदनी होती थी वह आमदनी उसी मार्किट कमेटी के जुरिरिडक्शन में जो गांव आते थे अथवा जो. उस कमेटी का क्षेत्र था उसी क्षेत्र में खर्च होती थी । पांच छः सात्र से पता नही एक्ट में संशोधन हुआ या रूल्ज ने संशोधन हुआ और उस संशोधन की बिना पर वह आमदनी स्टेट के कसोलिडेटिड फंड मे जमा होने लगी । **चौधरी** बंसी लाल के जमाने में यह बात हुई थी । एक अन्याय तो

न्यायपालिका के साथ किया गया और यह दूसरा अन्याय है जो मार्किट कमेटियों के साथ किया गया और जो रुपया मार्किट कमेटी के क्षेत्र मे खर्च होना चाहिए था वह सरकार के खजाने मे जमा होने लगा । मै सिर्फ सम्भालखा की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि सारी स्टेट जहां–जहां मार्किट कमेटीज है, सभी की बात कर रहा हूं । 1974 तक मार्किट कमेटीक से जो आमदनी हुई वह कसोलिडेटिड फंड में जमा हुई और वह पी0 डब्ल्यू0 डी0 द्वारा सड़के बनाने आदि में खर्च हुई लेकिन 1974 के बाद 1978 आ गया है एक पैसा भी सम्भालखा मार्किट कमेटी में सिवाए पांच परसैन्ट आमदनी के मार्किट कमेटी के एरिया में खर्च नहीं हु आ । पहले तो कांग्रेस सरकार थी लेकिन अब हमारी सरकार आई है उसकी तवज्जह भीइस तरफ नहीं गई । यह मेरे लिए परेशानी की बात है । मै इस बात के लिए अपनी सरकार पर जोर देता हूं कि वह मेरी बात को स्वीकार करे । आखिर एक एरिया के किसान अपनी प्रोडयूस को मंडी मे लाते हैं, और उनकी प्रोडयूस पर पहले दो परसैट था अब हमने तीन परसैट कर दिया है, उस पर टैक्स लगता है । उस क्षेत्र के तीस चालीस गाय होते हैं फिरे क्या हक है कि उस क्षेत्र से जो आमदनी हुई है, उसको किसी दूसरे क्षेत्र में खर्च किया जाए । चेयरमैन साहब, दो किस्म के फंड है । एक तो मार्किट बोर्ड फंड है और दूसरा मार्किट कमेटी फंड । मार्किट कमेटी को जो आमदनी होती है उसका कुछ परसेन्टेज मार्किट बोर्ड फंड में जाता है और बोर्ड फंड जिस काम में खर्च होता है वह भी इस एक्ट में लिखा हुआ है । मार्किट कमेटी को जिन मदो

से आमदनी होती है उनका दफा 27 मे जिक्र किया हुआ है और दफा 28 में दिया हुआ है कि मार्किट कमेटी फंड कहां–कहां पर खर्च होगा । इस एक्ट के अनुसार प्रान्तीय सरकार को बिल्कुल भी अधिकार नहीं है कि वह मार्किट में कमेटी के रुपए को जहां चाहे वहां खर्च कर दे और पिछले चार साल से सरकार गल्त काम करती आ रही है । 1972– 73 कें बाद यह बात जारी हुई है कि मार्किट कमेटी फंड का पैसा सरकार अपनी मर्जी से खर्च करती आ रही है और इसका नतीजा यह हुआ है कि सम्भालखा, घरौंडा पानीपत आदि जहां भी मार्किट कमेटीज है, वहां की सड़कें खराब पड़ी हुई है । वहां एक भी सक्त न्हीं बनी । एक्ट के सैक्शन 29 में 17 मदें हैं जिनमें दिया हुआ हैं कि यह पैसा कहां–कहां खर्च हो सकता है उनमें से कुछ इस प्रकार है ––

(i) acquisition of sites for the market ;

(ii) maintenance and improvement of the market ;

The words are 'the market'. Then in clause (viii), it is stated—

"(viii) providing comforts and facilities, such as shelter, shade, parking accommodation and water for the persons, draught cattle, vehicles and pack animals coming or being brought to the market or on construction and repair of approach roads, culverts, bridges and other such purposes ;"

जो कुछ भी लिखा है वह 'दि मार्किट' लिखा है । मुझे पता नहीं है कि इन्होंने कैसे 'दि' का 'ऐनी' बना दिया ।

चेयरमैन साहब, मै इस वक्त इस पर ज्यादा बहस नहीं करता सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं कि अगर इसको स्वीकार नहीं किया जाता तो मैं यही कहूंगा कि कौन सी धारा के तहत सरकार मार्किट कमेटी के फंड को कसोलिडेटिड फंड में जमा करती है । कौन सी धारा के तहत प्रान्तीय सरकार को यह अधिकार मिला हुआ है कि वह एक मार्किट कमेटी के फंड को उस मार्किट कमेटी के एरिया से निकाल कर दूसरी मार्किट कमेटियों के एरिया में खर्च करे । अगर यह सरकार यह समझती है कि जो कुछ पिछले चार–पांच साल से होता रहा है वह गल्त है तो मैं आशा करूंगा कि जो गल्त नीति अब तक बरती जा रही है उस गल्त नीति को यह सरकार बदलेगी और मार्किट कमेटियों को इजाजत देगी कि वे अपनी कमेटी की आमदनी को उन्ही गांवों के विकास में खर्च करेंगी जो उस कमेटी के एरिया मे आते हैं । पिछली कांग्रेस सरकार का यह एक अन्याय था जो मार्किट कमेटी के एरिया के लोगों के साथ वह करती रही ।

Mr. Chairman : Motion moved—

This House recommends to the State Government that the total income accrued to the Market Committees be spent on the development of the Rural area and the statement of the amount spent by such market committees in their respective areas be laid on the Table of the House each year.

श्री शमशेर सिंह (नरवाना) : चेयरमैन साहब, मै श्री मूलचन्द जैन जी के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ

हूं । मै जैन साहब को इस बात की मुबारिक बाद देता हूं कि वे एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव यहां पर ले कर आये हैं और इस में शक नहीं है कि यह प्रस्ताव लाखों किसानों और एग्रीकल्चर मार्किटिंग प्रोड्यूसर्ज से ताल्लुक रखने वाले लाखो लोगों के जजबात की तरजमानी करता है । टाईम बहुत थोड़ा है, चेयरमैन साहब, मैं जल्दी ही अपने ख्यालातों का इजहार करूंगा । यह जो डायवर्शन आफ फण्डज की बात है, इसका मुख्य कारण यह है कि मार्किट कमेटीज जो हैं, वे इलैक्टिड कमेटीज नहीं है । बहुत सी जगह एडमिनिस्ट्रैटर लगा रखे हैं और बहुत सी जगह नोमीनेटिड कमेटियां हैं और वे जो एडमिनिस्ट्रेटर है उनको किसी भी एरिया से कोई हमदर्दी नहीं है । न ही किसी काम से वाकफीयत है । बड़े अफसोस से कहना पड़ रहा है कि यह जो जनता सरकार पिछले आठ नौ महीने से सत्ता में आई है, जो प्रजातन्त्र की बात करती है, इसने अभी तक इन मार्किट कमेटियों के चुनाव भी नही कराये है । यह एक बड़ी शर्म की बात है कि इस सरकार ने अधिकतर मार्किट कमेटियों में .....(विघ्न एवं शोर)

श्री सभापति : इन अल्फाज को एक्मपंज कर दिया जाए ।. ये अल्फाज अनपार्लियामेन्टरी हैं ।

श्री शमशेर सिंह : चेयरमैन साहब, इस सरकार के बार–बार वायदे किये जाने पर भी मार्किट कमेटियों के चुनाव कराने का अभी तक सरकार का कोई इरादा नही है ।

एक आवाज : हो सकता है कि इनकी बात सही न हो ।

श्री शमशेर सिंह : चेयरमैन साहब, यह नोमीनेशन वाला प्रोसैस अभी तक जारी है । डिप्टी कमिश्नर्ज से नाम आ चुके है, एम0एल0एज0 और वजीरों ने अपनी लिस्टें दे रखीं हैं, नाम दे रखे है और ये सारी बातें हो रही हैं । खास बात तो यह है कि सरकार के पास ऐसी कोई वजह नहीं है कि वह इस देहाती अदायरे के चुनाव न कराये । जब तक मार्किट कमेटियां इलैक्टिड न होंगी तब तक वह रुपया सही मायनों में नही खर्च होगा । इन शब्दों के साथ ही मैं फिर जैन साहब के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

श्री हीरानन्द आर्य (लोहारू) : चेयरमैन साहब, श्री मूल चन्द जैन जी ने जो यह रेजोस्लूशन पेश किया है, उसका मै सिर्फ इस हद तक समर्थन करता हू कि जो पैसा इकट्ठा किया जाए वह सिर्फ देहाती इलाके में ही खर्च किया जाए लेकिन मैं इससे सहमत नही हूं कि जहां का पैसा हो, वही पर ही खर्च किया जाए क्योंकि जो दूसरे बैकवर्ड इलाके हैं, जिन की पैदावार पहले ही बहुत कम है, उनकी पैदावार में कोई बढौत्तरी नही होगी और वे इलाके वही के वहीं रह जाएंगे । अगर पैदावार घटेगी तो उस जगह मार्किट कमेटियों को भी नुकसान होगा, उसकी आमदनी भी घटेगी अगर ऐसा नही किया जाएगा तो जो इलाके बंजर हए, जिनकी पैदावार कम हैं, उन इलाकों के साथ यह बड़ी बेइन्साफी होगी, इस लिये

इस प्रस्ताव का मूल रूप से मै विरोध करता हूं कि जिन मार्किट कमेटियों से पैसा इकट्ठा किया जाए उसे वही पर ही लगाया जाए । इसलिये मैं सरकार से दर्खास्त करूंगा कि सरकार जल्द ही नोमीनेशन के बारे में ध्यान दे । इस प्रजातन्त्र में, हमने जो वायदे जनता से किये थे उनको जल्दी ही पूरा किया जाए । पिछली सरकार ने जो नोमीनेशन का तरीका अख्तियार किया था, मुझे उम्मीद है कि हमारी सरकार जल्द ही उस कायदे कानून में तरमीम करके चुनाव' का तरीका अपनाये जिससे सही मायनों में जो वायदे हमने जनता से किये हैं, उन्हें पूरा किया जा सके । इन शब्दों के साथ चेयरमैन साहब., मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

*Expunged as ordered by the Chair.

(At this stage the Minister for Irrigation and Power as also several other Hon. Members rose to speak).

Mr. Chairman : The Hon. Minister for Agriculture has risen to' make a statement. I don't think there is any need for further discussion. Hon. Minister.

(इस समय बहुत से मैंम्बर साहेबान बोलने के लिये खडे हुए)

Mr. Chairman : I have called upon the Hon. Minister. I would, therefore, request the Hon. Members to please resume their seats.

चौधरी संत कंवर : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है । आज आपने मुझे एक सीट बदलने की वजह से दो तीन मौका पर बोलने की इजाजत नही दी, कहीं ऐसा न हो–

Mr. Chairman : That is not a point of Order.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : चेयरमैन साहब, वजीर साहब मान रहे है, आप नही मान रहे । यह तो बड़ी ज्यादती है । यह तो बंसीलाल के राज्य वाली बात हो गई ।

Mr. Chairman : I have already called upon the Hon. Minister.

Shri Shamsher Singh : The sitting of the House can be extended. मेरी आपसे दर्खास्त है कि सैशन का समय एक की बजाये डेढ़ बजे कर लें ताकि जो दो तीन मैंम्बर साहिबान बोलने वाले रहते है, वे बोल सकें ।

Mr. Chairman : When I have called upon the Hon. Minister, let him give his reply.

सिचाई एवं बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह) : चेयरमैन साहब, मैं अर्ज करता हूं कि बाबू मूल चन्द जैन जी ने जो रैजोल्यूशन मूव किया है उसको दो पार्टस में पढ़ा जा सकता है । पहला जो पार्ट है वहइस प्रकार है –

"This House recommends to the State Government that the total income accrued to the Market Committees be spent on the Development of the Rural area..."

इस विषय में किसी को कोई एतराज नही है और सारे का सारा पैसा जो हम मार्किट कमेटियों से वसूल करते हैं वह सारे का सारा रूरल डिवैल्पमेट के लिये खर्च किया जाता है । अगली बात जो उन्होंने इस रैजोल्यूशन में कही वह यह है

"and the Statement of the amount spent by such market committees in their respective areas laid on the Table of the House each year."

यह जो बाबू जी 'के कहने का मतलब है उन्होंने इस बात को अपने भाषण में तो बताया नही । इससे यह जाहिर होती है कि किन्ही लोगों को शक है कि उनका अकांउट प्रौपर मेन–टेन नहीं किया जाता । बाबूजी जोकि हमारे बुजुर्ग है और बड़े काबिल वकील है, मै उनको बताना चाहता हूं किं मार्किटिंग बोर्ड एक अटौनोमस बौडी है और हर मार्किटिग बोर्ड का या मार्किट कमेटी का जितना भी बजट है उसमें प्री–आडिट स्कीम लागू है । जो पैसा वे खर्च करते हैं उसका हर प्रकार से आडिट किया जाता है । इसमें गवर्नमैंट को तो केवल सुपरिनटेंडैस की ही पावर हासिल है । जहां पर प्री–आडिट लागू हो मै समझता हूं वहां पैसा खर्च करने में किसी तरह की हेरा फेरी नहीं हो सकती । इसके अलावा जो आजकल प्रचलित बात है कि मार्किट कमेटी का 30 प्रतिशत पैसा मार्किटिंग बोर्ड में आता है और 65 प्रतिशत पैसा पोश डब्ल्यू0 डी0 के पास डिपाजिट करवाया जाता है ताकि वह पैसा उन्हीं कामों पर खर्च किया जाए जिनका जिक्र की सैक्शन 28 में है ।

चौधरी वीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि जब बाबू मूल चन्द जैन जी ने अपना प्रस्ताव रखा था तो उस समय चेयरमैन साहब की खुद की रूलिंग थी कि आपने जो अपना ओरिजीनल प्रस्ताव दिया है उसकी लाइट में कनसिडर करेंगे । तो मैं मिनिस्टर महोदय से यह कहूंगा कि रूरल एरियाज का मतलब यही था कि रिसपैक्टिव मार्किट कमेटीज । (विध्न)

Mr. Chairman : What is the point of Order in it ? The Hon. Minister is explaining the same thing.

श्री वीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, मै अर्ज कर रहा था कि 30 प्रतिशत पैसा तो मार्किटिंग बोर्ड को जाता है और 65 प्रतिशत पी0 डल्यू0 डी0 के पास डिपाजिट करवाया जाता है ताकि उस पैसे को उन्ही बातों के लिये खर्च किया जाए जिमका जिक्र एक्ट के सैक्शन 28 में किया गया है । बाकी टोटल इंकम का जो 5 प्रतिशत पैसा है वह मार्किट कमेटियों के पास रह जाता है ताकि वे अपनी एस्टैबलिशमैंट बगैरह का खर्च चला सके । जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि किन्हीं लोगों को यह शंका है कि एक मार्किट कमेटी का जो एरिया बनता है उसके हिसाब से खर्च किया जाना चाहिये । इस के लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार का इंटैगिरेटिड रूरल डिवैल्पमैट का प्रोग्राम है और जो यह पैसा है यह बराबर डिस्ट्रीव्यूशन से खर्च किया जाना है । जनता पार्टी की सरकार यह विश्वास दिलाना चाहती है कि जहां तक हो सकेगा इंटैगिरेटिड रूरल डिवैल्पमैंट का जो प्रोग्राम है इस

पर इकुअल डिस्ट्रीव्यूशन से पैसा खर्च करने की कोशिश की जाएगी । चाहे इधर बैठने वालों के इलाके में काम होना है और चाहे उधर बैठने वाले के इलाके में । किसी तरह की डिसक्रिमिनेशन नहीं बरती जाएगी । इसके बाद बाबू जी ने यह बात कही कि सरकार कौन से कानून के तहत इधर का पैसा उधर खर्च करेगी इसके बारे में मैं आगे बता0ंगा । मैं अभी यह बताना चाहता हूं कि जो मेंबरों को नौमिनेट करने की पिछली प्रथा थी और केवल उन्हीं को नौमिनेट किया जाता था जोकि सरकार के चमचे होते थे उसकी बजाए जनता पार्टी डिसैटर लाईजेशन आफ पावर में यकीन रखती है । आज मेरे एक दोस्त कहने लगे कि मार्किट कमेटियों के इलैक्शन क्यों नहीं करवाते । उन्हें यह बात तभी याद आई जबकि हम इसी सैशन में इलैक्शनों के संबंध में एक बिल ला रहे हैं (विघ्न) । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जब मार्किट कमेटियां और मार्किटिंग बोर्ड इलैक्टिड होंगे तो उनके पास जो पैसा आएगा उसका हिसाब–किताब वह अपने आप रख सकेंगे । अपने हिसाब से जहां खर्च करमा चम्मौ कर सकेंगें । यह इलैक्शन भी बहुत देर से नहीं होगी बल्कि इसी साल कें अन्दर–अन्दर करवा जाएगी । मै समझता हूं कि इलैकशन कें बाद किसी कमेटी को यहां शिकायत नही रहेगी कि उसके–साथ अन्याय किया जा रहा है ।

श्री शमशेर सिह : मिनिस्टर साहब ने कहा है कि इसी साल में इलैक्शन करमा देने तो क्या वे वाकई इतने थोड़े समय में करवा देंगे ।

श्री वीरेन्द्र सिंह : मेरे कहने का मतलब था कि अगले फाइनैशियल ईयर के अन्दर अन्दर इलैक्शन करवा देंगे । तो जहां तक इस बात का ताल्लुक है ।

श्री मूल चन्द जैन : मिनिस्टर साहब यह अस्योरैसं दें कि जो 65 प्रतिशत राशि पी0 डब्ल्यू0 डी0 वालों के पाम जमा करवाई जाती है वह उनकी मर्जी होगी कि जमा करवाएं या न करवाए और अगार करवाए तो इस शर्त के साथ कि ऋ पैसा के एरिए में खर्च होगा ।

श्री वीरेन्द्र सिंह : इलैक्टिड मैबरों को सारे अख्तियार होते हैं । जो एक्ट में प्रोवीजन है वह उसके मुताबिक कार्य करेंगे । इसलिये मेरा ख्याल है कि इसके लिये अश्योरैंस की जरूरत नहीं है । क्योंकि वह अटोनोमस बौडी है इसलिये सरकार उनको मजबूर नही कर सकती । जहां तक इस बात का ताल्लुक है कि मार्किट कमेटियों से, न सिर्फ उनकी फीस ही ली जाए तो इसके लिये यह अर्ज है कि जो बड़ी–बड़ी कमेटियां हैं जिनकी आमदनी ज्यादा है और अगर वे एक करोड़ रुपये देंगी तो वह काफी नहीं है उसमें सरकार अपने पास से भी देगी ।

बैठक का समय बढ़ाना

श्री सभापति : क्योंकि समय कम रह गया है इसलिये मैं हाउस की सिटिंग पांच मिनट के लिये एक्सटैड करता हूं । it the sense of the House ?

(Voices : Yes)

Mr. Chairman : The sitting is extended by five minutes.

गैर सरकारी संकल्प

(ii) मार्किट कमेटियों को होने वाली कुल आमदन ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर खर्च किये जाने तथा ऐसी मार्किट कमेटियों द्वारा अपने सम्बन्धित क्षेत्रों में व्यय की गई राशि का विवरण प्रत्येक वर्ष सदन की मेज पर रखे जाने सम्बन्धी (पुनरारम्भ)

श्री बीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहव, मैं अर्ज करता हूं कि इन हालात में जबकि सरकार इन मार्किट कमेटियों. की इलैक्शन करावाने जा रही है और नोमिनेटिड की बजाए इलैक्टिड कमेटियां आने वाली हैं, इसलिये मै समझता हूं कि बाबू जी इस रैजोल्यूशन को विद्ड्रा कर लेंगे ।

जहां तक प्रोवीजन का ताल्लुक है वह दिया हुआ है । अमेंडमेंट के मुताबिक सैक्शन 28 की क्लाज 17 में प्रोवीजन दिया हुआ है और वह सैल्फ एक्सप्लेनेटरी है । उसमें लिखा है

"(xvii) with the previous sanction of the Board, any other purpose which is calculated to promote the general interests of the Committee or the notified market area, or with the previous sanction of the State Government, any purpose calculated to promote the national or public interest."

With the previous sanction of the State Government, the money can be diverted for any purpose calculated to promote the national or public interest. इस क्लाज को पढ़ने के बाद बाबूजी मुझसे मुत्तफिक होंगे । फिर भी अगर कोई शंका होगी तो वे मेरे बजुर्ग है, किसी वक्त भी मुझे बुलाएं, मै उनके पास आ जा0ंगा । अगर मेरे पास आना चाहें तो आ जाएं, मै उनको वैल्कम करता हू । कोई शंका हो तो उसका समाधान करूंगा । इन शब्दों के साथ मै उन से प्रार्थना करता हूं कि वे इस रैजोल्यूशन को वापिस ले ले ।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भालखा) : चेयरमैन साहब, टाईम की कमी की वजह से इस प्रस्ताव पर ज्यादा बहस नही हो सकती । मन्त्री महोदय ने जो बातें कहीं उनको मद्देनजर रखते हुए इस प्रस्ताव के बारे में अन्तिम कदम क्या लेना है, उससे पहले मै यह कहना चाहता हूं एक्ट किस मक्सद के लिए बनाया गया । इसका मक्सद यह था कि जहां–जहां धांधलियां होती थी, किसान अपनी प्रोड्यूस जब मण्डियों में लाता था तो उसके साथ अन्याय होता था । इसी लिए मार्किट कमेटियों का यह कांस्टीच्यूशन बना । उस में यह है कि किसान के नुमायदे ज्यादा हों और फण्डज इकट्ठे हों । जो फण्डज इकट्ठे हों, उनको कैसे बढ़ाया जाए, इसके

लिए कानून बनाने वालों ने यह चीज रखी जैसा कि मन्त्री महोदय ने पढ़ कर बताया है । मार्किट कमेटी के क्षेत्र में जो फण्डज है उसके बारे में मन्त्री महोदय ने मान लिया है कि 65 फीसदी रुपया पी0 डबल्यू0 डी0 में जाता है । यह रुपया कहां खर्च होता है? अगर सम्भालखा, घरौंडा या पानीपत की मार्किट कमेटियों का 65 फीसदी रुपया वही खर्च कर दिया जाए तो मुझे कोई गिला–शिकवा नही । मन्त्री महोदय की बातों. से भी मुझे ऐसा ही लगा । सम्भालखा की मार्केट कमेटी की जो आमदनी है उसको अगर भिवानी, गुहला और सिरसा जैसे बैकवर्ड एरिया में लगा दी जाए तो भी मुझे कोई इतराज नहीं है । मुझे बैकवर्ड एरिए से बड़ी हमदर्दी है लेकिन हमदर्दी का क्षेत्र बहुत लम्बा चौड़ा है । पसमांदा क्षेत्रों पर अगर खर्च करना है तो कसोलिडेटिड फण्ड में से करें, सम्मालखा की 30 लाख की आमदनी में से क्यों दूसरी जगह बंटवारा करते हैं? अगर सरकार बैकवर्ड एरिंए की' डिंवैल्पमैट करने के लिए पैसो खर्च करतीहै तो मुझे कोई इतराज नहीं, करें, लेकिन किसी मार्किट कमेटी का रुपया सरकार किसी दूसरी जगह खर्च करें, तो बिल्कुल गलत बात है । मेरे दोस्त वकील हैं, मै भी वकील हूं, विचार कर लें और किसी भाई मार्किट कमेटी का पैसा दूसरे एरिए में डाइवर्ट न करे। चूंकि उन्होंने कहा है कि इलैक्टिड कमेटियां हो जाएंगी और उनके पास अधिकार हैं । इन बातों को पैशेनजर रखते हुए मैं इस प्रस्ताव को वापिस लेता हूं ।

Mr. Chairman : Has the Hon. Member the leave of the House to withdraw the resolution ?

(Voices : Yes)

The resolution was, by leave of the House, withdrawn.

Mr. Chairman : The House stands *adjourned till 9.30 a.m. tomorrow.

13.05 बजे ।

(The Sabha then adjourned till 9.30 a.m. on Friday, the 3rd March, 1978).